Ref No: PSB/HO/Shares Cell / 19 /2024-25 **May 7, 2024**

To,

BSE Limited, **Department of Corporate Services,** 25th floor, Phiroze Jeejeebhoy Towers, Dalal Street, Fort, Mumbai – 400 001. **SCRIP ID : PSB** **SCRIP CODE : 533295**	**National Stock Exchange of India Ltd.,** Exchange Plaza, C – 1, Block – G, Bandra Kurla Complex, Bandra (East), Mumbai – 400 051. **SYMBOL: PSB SERIES: EQ**

Dear Sir,

Reg: Notice of Extraordinary General Meeting (EGM) scheduled to be held on Friday, 31st May, 2024

Further to our intimation dated 29th April 2024, please find below the details in respect of the EGM of the shareholders of the Bank:

1	Date and Time of EGM	Friday, 31st May, 2024 at 11:00 a.m. through Video Conferencing (VC) / Other Audio Visual Means (OAVM)
2	Business to be Transacted	1. Election of ONE Director from amongst the shareholders of the Bank (other than the Central Government) pursuant to the provisions of Section 9(3)(i) of the Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1980, read with the Nationalized Banks (Management and Miscellaneous Provisions) Scheme, 1980 and the Punjab & Sind Bank (Shares and Meetings) Regulations, 2008, Reserve Bank of India Master Directions, as amended and other applicable Directives / Guidelines issued by the Regulatory Authorities. 2. To consider and approve appointment of Sh Ravi Mehra as the Executive Director of the Bank in terms of Regulation 17(1C) of SEBI (LODR) Regulations, 2015 3. To consider and approve raising of capital up to an amount of Rs.2000 crore by way of QIP.
3	Specified / Cut-off date	**For agenda item no 1**: Friday, 03rd May, 2024 to Nominate, Contest and Vote (including remote e-voting) at the meeting **For agenda item no 2 & 3**: Thursday, 23rd May, 2024 for attendance at the meeting and voting (including remote e-voting) at the meeting.
4	Last date for submission of nominations	Thursday, 16th May 2024 by 04:00 p.m.
5	Period of Remote e-voting	From 10:00 a.m. on Monday, 27th May, 2024 to 05:00 p.m. on Thursday, 30th May, 2024

The detailed notice of the EGM is attached herewith.

Request you to take note of the same.

Yours faithfully

SAKET MEHROTRA Digitally signed by SAKET MEHROTRA Date: 2024.05.07 12:01:00 +05'30'

Punjab & Sind Bank H.O. Accounts & Audit Deptt. (Shares Cell) (शेयर कक्ष) Rajendra Place, New Delhi-8

Saket Mehrotra
Company Secretary

ੴ ਸ੍ਰੀ ਵਾਹਿਗੁਰੂ ਜੀ ਕੀ ਫ਼ਤਹ॥

पंजाब एण्ड सिंध बैंक
Punjab & Sind Bank
ਪੰਜਾਬ ਐਂਡ ਸਿੰਧ ਬੈਂਕ
पी.एस.बी (भारत सरकार का उपक्रम/A Govt. of India Undertaking)

प्रधान कार्यालय: 21, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली -110008

Head Office: 21, Rajendra Place, New Delhi – 110 008

कॉरपोरेट कार्यालय: एनबीसीसी ऑफिस कॉम्प्लेक्स, ब्लॉक 3, पूर्वी किदवई नगर, नई दिल्ली-110023

Corporate Office: NBCC Office Complex, Block 3, East Kidwai Nagar, New Delhi - 110023

असाधारण सामान्य बैठक वीडियो कॉफ्रेंसिंग (वीसी)/ अन्य श्रव्य-दृश्य साधनों (ओएवीएस) के माध्यम से

Extraordinary General Meeting through Video Conferencing (VC) / Other Audio Visual Means (OAVM)

शुक्रवार, 31 मई, 2024, प्रातः 11.00 बजे

Friday, 31 May, 2024, 11.00 a.m.

पंजाब एण्ड सिंध बैंक

(भारत सरकार का उपक्रम)

प्रधान कार्यालय : 21, राजेंद्र प्लेस, नई दिल्ली – 110008

कॉरपोरेट कार्यालय : एनबीसीसी ऑफिस कॉम्प्लेक्स, ब्लॉक 3, पूर्वी किदवई नगर, नई दिल्ली-110023

सूचना

एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि पंजाब एण्ड सिंध बैंक के शेयरधारकों की असाधारण सामान्य बैठक, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी)/ अन्य श्रव्य-दृश्य साधनों (ओएवीएस) के माध्यम से **शुक्रवार, 31 मई, 2024** को प्रातः 11.00 बजे आयोजित की जाएगी जिसमें निम्नलिखित व्यवसायिक मदों पर विचार-विमर्श किया जाएगाः

मद संख्या 1 :

बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (जिसे इसके बाद **'बीआर अधिनियम'** कहा गया है), राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं प्रकीर्ण उपबंध) योजना 1980 (जिसे इसके बाद "**योजना"** कहा गया है) के साथ पठित बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1980 (जिसे इसके बाद "**अधिनियम"** कहा गया है) की धारा 9 (3) (i) के संबंध में और अधिनियम की धारा 19 के अनुसरण में बनाए गए पंजाब एण्ड सिंध बैंक (शेयर एवं बैठकें) विनियमन, 2008 (जिसे इसके बाद "**विनियमन"** कहा गया है), यथा संशोधित सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 (जिसे इसके बाद "**सेबी सूचीबद्धता विनियम"** कहा गया है) तथा आरबीआई परिपत्र संख्या डीबीआर.नियुक्ति.बीसी.सं.39/29.39.001/2016-17 दिनांकित 24.11.2016 व आगे उसमें किसी संशोधन के साथ पठित भारिबैं/बैंविवि/2019-20/71 मास्टर निदेश बैंविवि.नियु.सं .9/29.67.001/ 2019-20 दिनांकित 02.08.2019 के माध्यम से जारी भारतीय रिज़र्व बैंक (सरकारी क्षेत्र के बैंकों के बोर्ड पर निर्वाचित निदेशकों के लिए 'उचित और उपयुक्त' मानदंड) निर्देश, 2019 (जिसे इसके बाद '**आरबीआई निर्देश'** कहा गया है) तथा 25.03.2015 व 08.07.2016 को सार्वजनिक क्षेत्रों के बैंकों के गैर-सरकारी निदेशक के रूप में विचार करने के लिए भारत सरकार द्वारा निर्धारित मानदंडों के साथ पठित भारत सरकार की अधिसूचना संख्या एफ.नं. **16/83/2013**-बीओ. I दिनांकित 03.09.2013, एफ.नं. 16/51/2012-बीओ. I दिनांकित 28.04.2015 व दिनांकित 20.07.2016 तथा इसमें किए गए किसी संशोधन (जिसे इसके बाद "**भारत सरकार के दिशानिर्देशों"** के रूप में सदर्भित किया गया है**)** की शर्तों के अनुसार, केंद्रीय सरकार के अतिरिक्त बैंक के शेयरधारकों में से, जिनके वैध नामांकन प्राप्त हुए हैं, एक निदेशक का चुनाव करना तथा निम्नांकित संकल्प को पारित करना:

यह संकल्प पारित किया जाता है कि बीआर अधिनियम के साथ पठित अधिनियम की धारा 9 (3) (i), उसके अंतर्गत निर्मित योजना, विनियमों, आरबीआई निर्देशों तथा भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसरण में केंद्रीय सरकार के अतिरिक्त शेयरधारकों में से निर्वाचित निदेशक को एतदद्वारा चुनाव परिणाम की घोषणा के अगले दिवस से बैंक के निदेशक के रूप में पद ग्रहण करने के लिए नियुक्त किया जाता है और इस प्रकार पदधारण करने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि पूर्ण होने तक अपने पद पर बने रहेंगे/ रहेंगी।

चुनाव होने पर, उपरोक्त संकल्प को सेबी सूचीबद्धता विनियम के विनियमन 25 (2A) के प्रावधानों के अतर्गत भी पारित माना जाएगा।

मद संख्या 2 :

निम्नलिखित संकल्प पर एक सामान्य संकल्प के रूप में विचार करना तथा उचित पाए जाने पर उसे पारित करना :

यह संकल्प पारित किया जाता है कि समय-समय पर यथा संशोधित सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 17 (1C) के अनुसरण में वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी अधिसूचना संख्या एफ. नं. 4/1(v)/2023-बी.ओ. I दिनांकित 09.10.2023 के माध्यम से बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1980 की धारा 9 की उप धारा (3) के खंड (a) के अंतर्गत कार्यालय में कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि अथवा आगामी आदेश तक, जो भी पहले हो, बैंक के कार्यकारी निदेशक के रूप में श्री रवि मेहरा की नियुक्ति को एतदद्वारा अनुमोदित किया जाए।

मद संख्या 3 :

अर्हताप्राप्त संस्थागत नियोजन/स्थानन के माध्यम से कुल राशि ₹ 2000 करोड़ (प्रीमियम सहित) की प्रत्येक ₹10/- (मात्र दस रुपये) अंकित मूल्य के नए इक्विटी शेयर जो लाभांश भुगतान सहित एक या एकाधिक श्रृंखलाओं में, इस प्रकार के मूल्य या मूल्यों पर और बोर्ड/ समिति द्वारा अपने पूर्ण विवेकाधिकार में निर्धारित और विचार किए जाने अनुसार निबंधन और शर्तों पर बैंक के विद्यमान इक्विटी शेयरों के साथ समस्त उद्देश्यों के लिए और समस्त प्रकार से समान श्रेणी के होंगे, के सृजन, प्रस्ताव, निर्गम तथा आबंटन हेतु शेयरधारकों का अनुमोदन प्राप्त करना तथा उपयुक्त पाए जाने पर निम्नलिखित को विशेष संकल्प (ओं) के रूप में पारित करना :

"**यह संकल्प किया जाता है कि** बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1980 (यहाँ "**अधिनियम**" के रूप में संदर्भित), बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (यहाँ "**बैंककारी अधिनियम**" के रूप में संदर्भित), पंजाब एण्ड सिंध बैंक (शेयर एवं बैठकें)

विनियमन, 2008 (यहाँ "**विनियमन**" के रूप में संदर्भित), यथा संशोधित भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (पूंजी का निर्गमन और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम 2018 [यहाँ "**सेबी (आईसीडीआर) विनियम**" के रूप में संदर्भित] के अनुसरण में तथा भारत सरकार (जीओआई), भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई), भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) और/अथवा किसी अन्य सक्षम प्राधिकरण द्वारा जारी प्रयोज्य नियम, विनियम, दिशानिर्देश, परिपत्र और स्पष्टीकरण के अनुसार तथा किसी अन्य प्रयोज्य विधि, नियम या विनियमन (तत्समय प्रवृत्त किसी भी संशोधन या उसके पुन: अधिनियमन सहित), शेयर बाज़ारों जहाँ बैंक के इक्विटी शेयर सूचीबद्ध हैं, के साथ बैंक द्वारा किए गए सूचीयन करार, सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम 2015 [यहाँ "**सेबी (एलओडीआर)**" के रूप में संदर्भित], किसी अन्य संबंधित प्राधिकरणों के किसी अनुमोदन, सम्मति, अनुमति या स्वीकृति और इस प्रकार के अनुमोदन, सम्मति, अनुमति या स्वीकृति प्रदान करते समय उनमें से किसी के द्वारा निर्धारित किए जा सकने वाले इस प्रकार के निबंधन, शर्तें और संशोधन तथा जिनके लिए बैंक के निदेशक मंडल (यहाँ '**बोर्ड**' के रूप में संदर्भित है जिसमें बोर्ड द्वारा गठित कोई भी समिति सम्मिलित होगी) द्वारा सहमति दी जा सकती है, के अधीन ऐसे समय या समय पर, इस प्रकार की शिष्टता में प्रीमियम सहित ऐसे मूल्य पर और विद्यमान बाज़ार स्थितियों एवं अन्य प्रासंगिक कारकों को ध्यान में रखते हुए निवेशकों जिन्हें प्रस्ताव, निर्गम व आबंटन किया जाता है, की श्रेणियों को निर्धारित करने के विवेकाधिकार सहित और यथावश्यक अग्रणी प्रबंधक (ओं) और/ या हामीदार (ओं) और/ या अन्य परामर्शदाता (ओं) जैसा कि बोर्ड अपने पूर्ण विवेकाधिकार में उचित व उपयुक्त समझे, के परामर्श से ऐसे निबंधन व शर्तों पर जो बोर्ड द्वारा अपने पूर्ण विवेक के अनुसार उचित व उपयुक्त समझा जा सकता है, एतदद्वारा बोर्ड को आईसीडीआर विनियमों के अध्याय VI के अंतर्गत अर्हताप्राप्त संस्थागत नियोजन/स्थानन चाहे वे बैंक के शेयरधारक हों अथवा नहीं, जैसा भारत सरकार/ आरबीआई द्वारा अनुमोदित किया जा सकता है और जैसा बोर्ड द्वारा अपने विवेकाधिकार में निर्धारित किया जा सकता है और प्रयोज्य विधि एवं विनियमों के अंतर्गत अनुमत है, के माध्यम से ₹2000 करोड़ (दो हजार करोड़ मात्र) की कुल राशि के सृजन, प्रस्ताव, निर्गम और आबंटन करने की सहमति प्रदान की जाती है।"

"आगे यह संकल्प पारित किया जाता है कि जारी किए गए इक्विटी शेयर, लाभांश सहित बैंक के विद्यमान शेयरों के समकक्ष होंगे।"

"आगे यह संकल्प पारित किया गया कि आईसीडीआर विनियमों के अध्याय VI के अनुसरण में अर्हताप्राप्त संस्थागत स्थानन के प्रकरण में:

a) प्रतिभूतियों का आबंटन, आईसीडीआर विनियम के अध्याय VI के तात्पर्य अनुसार केवल अर्हता प्राप्त संस्थागत खरीददारों को ही किया जाएगा, इस प्रकार की प्रतिभूतियों का पूर्ण भुगतान किया जाएगा और ऐसी प्रतिभूतियों का आबंटन इस संकल्प की तिथि से 12 माह के भीतर पूरा किया जाएगा।
b) आईसीडीआर विनियम 176 (1) के अनुसरण में बैंक को विनियम के अनुसार निर्धारत आधार मूल्य पर अधिकतम पाँच प्रतिशत तक के बट्टे पर शेयर देने का प्राधिकार दिया गया है।
c) प्रतिभूतियों के आधार मूल्य के निर्धारण की प्रासंगिक तिथि, आईसीडीआर विनियमन के अनुसार होगी।"

"**आगे संकल्प किया जाता है कि** उक्त संकल्प को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से एतदद्वारा बोर्ड को प्राधिकृत किया जाता है कि वह ऐसे सभी कृत्यों, कार्यों, मामलें और विषय को संपादित करे जिसमें इसके पूर्ण विवेकाधिकार अनुसार मसौदे को अंतिम रूप देने एवं अनुमोदन के साथ-साथ इक्विटी शेयर जारी व आबंटित किए जाने वाले निवेशकों के वर्ग, आबंटित किए जाने वाले इक्विटी शेयरों की संख्या, निर्गम मूल्य, निर्गम पर प्रीमियम राशि सहित निर्गम के प्रपत्र व शिष्टता को निर्धारित करने वाले अंतिम प्रस्ताव दस्तावेज़ सम्मिलित हैं लेकिन केवल इन तक सीमित नहीं है तथा शेयरों के निर्गम, प्रस्ताव या आबंटन और निर्गम आगम की उपयोगिता से अविर्भूत हो सकने वाले समस्त प्रश्नों, समस्याओं या संदेह का निपटान करे जैसा वे अपने पूर्ण विवेकाधिकार में उचित समझे और ऐसा करने के लिए उन्हें सदस्यों की किसी और सहमति या अनुमोदन या अन्यथा की आवश्यकता नहीं होगी तथा यह समझा जाएगा कि अंतिम रूप देने के प्रयोजन व आशय से सदस्यों ने इस संकल्प के प्राधिकार द्वारा स्पष्ट रूप से अपनी सहमति दी है।"

"**आगे संकल्प किया जाता है कि** एतदद्वारा बोर्ड को यथाआवश्यक अग्रणी प्रबंधक, विधिक सलाहकार, हामीदार, बैंकर्स, परामर्शदाता और ऐसी समस्त एजेंसियां जो इक्विटी शेयरों के इस प्रकार के प्रस्ताव में अंतर्निहित या संबद्ध हो सकते हैं, को संलग्न/नियुक्त करने तथा आढ़त, दलाली, शुल्क या इसी प्रकार के माध्यम से उन्हें पारिश्रमिक देने तथा ऐसी एजेंसियों के साथ इस प्रकार की समस्त व्यवस्थाओं, करारों, ज्ञापन, दस्तावेजों इत्यादि में सम्मिलित होने और उन्हें निष्पादित करने तथा शेयर बाज़ारों जहाँ बैंक के इक्विटी शेयर सूचीबद्ध है, पर निर्गमित इक्विटी शेयरों की सूचीबद्धता प्राप्त करने के लिए अधिकृत किया जाता है।"

"आगे संकल्प किया जाता है कि उपरोक्त संकल्प को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से बोर्ड को एतदद्वारा निदेशकों की समिति/ प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी/ कार्यकारी निदेशक (ओं)/ कंपनी सचिव/ बोर्ड द्वारा प्राधिकृत अन्य व्यक्ति को अपने समस्त या किसी भी अधिकार के प्रत्यायोजन के लिए निदेशकों की समिति बनाने के लिए अधिकृत किया जाता है तथा बोर्ड, अपने द्वारा उपयुक्त व उचित माने जाने पर इस प्रकार की कार्रवाई करने और इस प्रकार के समस्त कृत्यों, कार्यों, मामलों, विषय को संपादित करने एवं किसी परिवर्तन (ओं) या संशोधन (ओं) को स्वीकार करने और इक्विटी शेयरों के निर्गमन व आबंटन के संबंध में अविर्भूत हो सकने वाले प्रश्न या समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक निर्देश देने के लिए अधिकृत हैं। इसके अंतर्गत निम्नलिखित शामिल हैं लेकिन केवल इन्हीं तक सिमित नही हैं :

i) मसौदे /अंतिम प्रस्ताव दस्तावेजों का अनुमोदन करना और यथा आवश्यक हो सकने वाले किसी अन्य प्राधिकरण या व्यक्तियों के पास उनका संचिकायन करना।

ii) निर्गम मूल्य, आबंटित किए जाने वाले इक्विटी शेयरों की संख्या, आबंटन का आधार और इक्विटी शेयरों के आबंटन का अनुमोदन करना।

iii) इक्विटी शेयरों के निर्गमन के संबंध में आवश्यक या वांछनीय समस्त अनुबंधों, करारों और अन्य दस्तावेजों, विलेखों एवं लिखतों की व्यवस्था, प्रतिपादन व निष्पादन करना।

iv) प्रस्ताव के लिए आवश्यक इस प्रकार के बैंक खाते खोलना।

v) इस प्रकार के समस्त कृत्यों, कार्यों, मामलों और विषय को संपादित करना तथा इस प्रकार के समस्त अन्य दस्तावेज़ों का निष्पादन और इस प्रकार के समस्त शुल्क का भुगतान करना जो इनके पूर्ण विवेकाधिकार में संव्यवहार के उद्देश्य के लिए आवश्यक या वांछनीय हो।

vi) उपयुक्त प्राधिकारियों के पास इस प्रकार के समस्त आवश्यक आवेदन करना और इस संबंध में आवश्यक नियामक संचिकायन करना।

vii) शेयर बाज़ार (ओं) जहाँ बैंक के इक्विटी शेयर सूचीबद्ध हैं, पर बैंक के इक्विटी शेयर की सूचीबद्धता के लिए आवेदन करना।"

निदेशक मंडल के आदेश द्वारा
कृते पंजाब एण्ड सिंध बैंक

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 07 मई, 2024

साकेत मेहरोत्रा
कंपनी सचिव

टिप्पणियां:

1. **विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से असाधारण सामान्य बैठक**
एमसीए (कारपोरेट कार्य मंत्रालय) ने मई 2020 से जारी विभिन्न परिपत्रों के माध्यम से, परिपत्र संख्या 02/2022 दिनांकित 05.05.2022 तथा परिपत्र संख्या 09/2023 दिनांकित 25.09.2023 के अनुसरण में 30 सितंबर 2024 तक कंपनियों को वीसी/ओएवीएम के माध्यम से अपनी ईजीएम के आयोजन की अनुमति दी है। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने भी एमसीए द्वारा जारी उपरोक्त परिपत्रों के अनुरूप, 06 अक्टूबर 2023 के अपने परिपत्र के माध्यम से सूचीबद्ध संस्थाओं को छूट दी है।

   उक्त प्रावधानों के अनुपालन में, बैंक की असाधारण सामान्य बैठक का आयोजन विडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) के माध्यम किया जा रहा है जिसमें सदस्यों को एक सामान्य स्थान पर शारीरिक रूप से उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं है। ईजीएम के लिए मानित स्थान बैंक का प्रधान कार्यालय होगा। पंजाब एण्ड सिंध बैंक (शेयर व बैठकें) विनिमय, 2008 के विनियम 58 के अंतर्गत वीसी/ओएवीएम के माध्यम से ईजीएम में भाग लेने वाले शेयरधारकों की गणना, गणपूर्ति में शामिल करने के उद्देश्य से की जाएगी। जैसा कि वीसी/ओएवीएम के माध्यम से ईजीएम का आयोजन किया जाएगा, सचिवालय मानक 2 के अंतर्गत आवश्यक मानचित्र इस नोटिस के साथ संलग्न नहीं है।

2. **मताधिकार:** यथा संशोधित बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1980 के खंड 3 (2ई) की शर्तों के अनुसार केंद्रीय सरकार के अतिरिक्त बैंक का कोई भी शेयरधारक मताधिकार के समय बैंक के समस्त शेयरधारकों के कुल मताधिकारों के दस प्रतिशत से अधिक मताधिकारों का प्रयोग, अपने द्वारा धारित शेयरों के संबंध में नहीं करेगा।

   यदि कोई शेयर दो या दो से अधिक व्यक्तियों के नाम पर है तो मतदान के संबंध में रजिस्टर में प्रथम नामित व्यक्ति को उसका एकमात्र धारक माना जाएगा।

   यथा संशोधित कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 की शर्तों के अनुसार, बैठक में भाग लेने व मतदान करने के लिए पात्र शेयरधारक, इलेक्टॉनिक साधनों के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं।

3. **परोक्षी की नियुक्ति:** बैठक में भाग लेने और मतदान के लिए पात्र शेयर-धारक अपने स्थान पर बैठक में भाग लेने एवं मत देने के लिए परोक्षी की नियुक्ति करने हेतु पात्र होगें/होगीं तथा इस प्रकार के परोक्षी को बैंक का शेयरधारक होना अनिवार्य नहीं है। हालांकि वीसी/ओएवीएम के माध्यम से ईजीएम के आयोजन के लिए पूर्वोक्त छूटों के अनुसार, शेयरधारकों की भौतिक उपस्थिति को अनावश्यक बनाया गया है। तदनुसार, शेयरधारकों द्वारा प्रॉक्सी की नियुक्ति के लिए सुविधा इस ईजीएम के लिए उपलब्ध नहीं है तथा प्रॉक्सी फॉर्म व उपस्थिति पर्ची इस नोटिस के साथ संलग्न नहीं हैं।

4. **प्राधिकृत प्रतिनिधि (यों) की नियुक्ति:** कोई भी व्यक्ति किसी निगमित निकाय के प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में वीसी/ओएवीएम के माध्यम से बैठक में भाग लेने तथा/या ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान के लिए तब तक पात्र नहीं होगा जब तक कंपनी/इकाई के विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में उसे नियुक्त करने के संकल्प की प्रमाणित सत्यप्रति बैठक की तारीख से 4 दिन पूर्व अर्थात् **रविवार 26 मई 2024 को अपराह्न 05:00 बजे या इससे पूर्व** कंपनी सचिव को बैंक के कारपोरेट कार्यालय, पंजाब एंड सिंध बैंक, एनबीसीसी कार्यालय, प्रथम तल, ब्लॉक 3, पूर्वी किदवई नगर, नई दिल्ली-110023 में जमा नहीं की जाती है या संवीक्षक को scrutinizer@snaco.net पर मेल द्वारा नहीं भेजा जाता है जिसकी प्रतिलिपि complianceofficer@psb.co.in को भेजना है।

   बैंक का कोई भी अधिकारी या कर्मचारी, शेयरधारक के प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त नहीं होगा।

5. डाउनलोडिंग के लिए बैठक की सूचना बैंक के वेबसाइट अर्थात् https://punjabandsindbank.co.in/ (निवेशक सूचना पृष्ठ), बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com पर तथा नैशनल स्टॉक एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया की वेबसाइट www.nseindia.com पर उपलब्ध है।

6. **व्याख्यात्मक विवरण**
बैठक की मदों के संबंध में महत्वपूर्ण तथ्यों को समायोजित करता हुआ व्याख्यात्मक विवरण इसके साथ संलग्न है और यह नोटिस का भाग है।

7. **शेयर अंतरण एजेंट से संचारः** भौतिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से सभी संचार प्राप्त करने के लिए अपने ई-मेल पते, डाक पते, बैंक विवरण इत्यादि में हुए परिवर्तनों/अद्यतन (यदि हो) की सूचना बैंक के शेयर अंतरण एजेंट को निम्नलिखित पते पर दें-

   लिंक इनटाइम इंडिया प्रा.लि.
   यूनिट: पंजाब एण्ड सिंध बैंक
   नोबल हाइट्स, प्रथम तल, प्लॉट संख्या एनएच 2, एलएससी, सी-1 ब्लॉक
   नियर सावित्री मार्किट, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058

फोन: +91 11 4141 0592, 93, 94 फैक्स: +91 11 4141 0591
ई-मेल: delhi@linkintime.co.in

अमूर्त रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों से अनुरोध है कि इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से सभी संचार प्राप्त करने के लिए ई-मेल पते, डाक पते, बैंक विवरण इत्यादि में हुए परिवर्तनों/अद्यतन (यदि है) की सूचना अपने डिपॉजिटरी सहभागियों को दें।

8. इलेक्ट्रॉनिक साधनों से मतदान

I. एमसीए परिपत्रों के साथ पठित सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमन 2015 के विनियम 44, शेयर बाजारों के साथ सूचीयन करार तथा यथा संशोधित कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 के अंतर्गत प्रावधानों के अनुसरण में, बैंक सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज लिमिटेड (सीडीएसएल) द्वारा उपलब्ध कराए गए ई-वोटिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक साधनों (दूरस्थ ई-वोटिंग व ईजीएम के दौरान ई-वोटिंग) द्वारा ईजीएम में मदों के संबंध में अपने शेयरधारकों को उनके मताधिकार का प्रयोग करने की सुविधा प्रदान करते हुए प्रसन्न है।

II. **निर्दिष्ट तिथि / कट-ऑफ तिथि:** बैंक ने निम्नलिखित निर्दिष्ट तिथियां / कट-ऑफ तिथियां तय की हैं-

एजेंडा नंबर 1 के लिए: चुनाव में भाग लेने के पात्र शेयरधारकों का निर्धारण करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार के अलावा बैंक के शेयरधारकों में से किसी एक निदेशक के चुनाव में नामांकन करने, चुनाव लड़ने के लिए जैसा कि सूचना में बताया गया है **शुक्रवार, 03 मई 2024** को निर्दिष्ट / कट-ऑफ तिथि के रूप में तय किया गया है।

एजेंडा नंबर 2 और 3 के लिए: बैठक में उपस्थिति और मतदान के लिए गुरुवार, 23 मई 2024 को निर्दिष्ट / कट-ऑफ तिथि के रूप में तय किया गया है।

III. वे शेयरधारक, जो वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से ईजीएम में उपस्थित रहेंगे तथा दूरस्थ ई-मतदान के माध्यम से चुनाव में मतदान नहीं किया है, ईजीएम के दौरान ई-मतदान प्रणाली के माध्यम से मतदान के पात्र होंगे।

IV. जिन शेयरधारकों ने बैठक से पूर्व दूरस्थ ई-मतदान द्वारा अपना मतदान कर दिया है, वे भी वीसी/ओएवीएम के माध्यम से बैठक में भाग ले सकते हैं लेकिन पुनः अपना मतदान करने के लिए पात्र नहीं होंगे।

V. सदस्य, नोटिस में उल्लिखित प्रक्रियाओं का अनुसरण करके बैठक प्रारंभ होने के 15 मिनट पूर्व तथा निर्धारित समय पश्चात वीसी/ओएवीएम माध्यम में ईजीएम में भाग ले सकते हैं। वीसी/ओएवीएम के माध्यम से ईजीएम में भाग लेने की सुविधा न्यूनतम 1000 सदस्यों को पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर उपलब्ध कराई जाएगी। इसमें वृहत शेयरधारक (2 प्रतिशत या उससे अधिक हिस्सेदारी वाले शेयरधारक), प्रवर्तक, संस्थागत निवेशक, निदेशक, प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक, लेखापरीक्षा समिति के अध्यक्ष, नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति तथा हितधारक संबंध समिति, लेखापरीक्षक इत्यादि शामिल नहीं होंगे जिन्हें पहले आओ-पहले पाओ के प्रतिबंध के बिना ईजीएम में भाग लेने की अनुमति है।

VI. **ई-वोटिंग और आभासी बैठक में शामिल होने के लिए शेयरधारकों के निर्देश इस प्रकार हैं:-**

चरण 1: अभौतिक (डीमैट) रूप में शेयर रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारकों के मामले में डिपॉजिटरी सीडीएसएल/एनएसडीएल ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से पहुंच।

चरण 2: भौतिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों और अभौतिक (डीमैट) रूप में गैर-व्यक्तिगत शेयरधारकों के मामले में सीडीएसएल ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से पहुंच।

(i) **सोमवार, 27 मई, 2024 को प्रात: 10.00 बजे** से दूरस्थ ई-मतदान प्रारंभ होगी तथा **गुरुवार, 30 मई, 2024 को अपराह्न 05.00 बजे** समाप्त हो जाएगी। उसके बाद वोटिंग के लिए सीएसडीएल द्वारा दूरस्थ ई-मतदान मॉड्यूल बंद कर दी जाएगी। इस अवधि के दौरान बैंक के शेयरधारक जिनके पास विनिर्दिष्ट तिथि/ कट-ऑफ तिथि को शेयर मूर्त अथवा अमूर्त रूप में हैं, अपना मतदान ईलेक्ट्रॉनिक रूप से कर सकते हैं।

(ii) सेबी परिपत्र संख्या **SEBI/HO/CFD/CMD/CIR/P/2020/242 दिनांकित 09.12.2020** के अनुसार, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियमन 44 के तहत, सूचीबद्ध संस्थाओं द्वारा सभी शेयरधारकों के संकल्पों के संबंध में, अपने शेयरधारकों को दूरस्थ ई-वोटिंग सुविधा प्रदान करना आवश्यक है। हालांकि, यह देखा गया है कि सार्वजनिक गैर-संस्थागत शेयरधारकों/खुदरा शेयरधारकों की भागीदारी नगण्य स्तर पर है।

वर्तमान में, भारत में सूचीबद्ध संस्थाओं को ई-वोटिंग सुविधा प्रदान करने वाले कई ई-वोटिंग सेवा प्रदाता (ईएसपी) हैं। इसके लिए विभिन्न ईएसपी पर पंजीकरण और शेयरधारकों द्वारा एकाधिक उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड के रखरखाव की आवश्यकता होती है।

मतदान प्रक्रिया की दक्षता बढ़ाने के लिए, सार्वजनिक परामर्श के अनुसार, **सभी अभौतिक (डीमैट) खाताधारकों के लिए उनके अभौतिक (डीमैट) खातों/डिपॉजिटरी/डिपॉजिटरी प्रतिभागियों की वेबसाइटों के माध्यम से एकल लॉगइन क्रेडेंशियल के माध्यम से ई-वोटिंग सक्षम करने का निर्णय लिया गया है।** अभौतिक (डीमैट) खाताधारक ईएसपी के साथ दोबारा पंजीकरण कराए बिना अपना वोट डालने में सक्षम होंगे, जिससे न केवल निर्बाध प्रमाणीकरण की सुविधा मिलेगी बल्कि ई-वोटिंग प्रक्रिया में भाग लेने के लिए आसानी होगी और सुविधा भी बढ़ेगी।

चरण 1: अभौतिक (डीमैट) रूप में शेयर रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारकों के मामले में डिपॉजिटरी सीडीएसएल/एनएसडीएल ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से पहुंच।

(iii) **सेबी परिपत्र संख्या SEBI/HO/CFD/CMD/CIR/P/2020/242 दिनांकित 9 दिसंबर, 2020** के संदर्भ में, सूचीबद्ध कंपनियों द्वारा प्रदान की गई ई-वोटिंग सुविधा पर अभौतिक (डीमैट) रूप में प्रतिभूतियां रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारकों को डिपॉजिटरी और डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के साथ बनाए गए अपने अभौतिक (डीमैट) खाते के माध्यम से वोट करने की अनुमति है। शेयरधारकों को सलाह दी जाती है कि वे ई-वोटिंग सुविधा तक पहुंचने के लिए अपने अभौतिक (डीमैट) खातों में अपना मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी अद्यतित करें।

उपरोक्त सेबी परिपत्र के अनुसार, **अभौतिक (डीमैट) रूप सीडीएसएल/एनएसडीएल (CDSL/NSDL) में प्रतिभूतियां रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारकों के लिए** ई-वोटिंग और आभासी बैठक में शामिल होने के लिए लॉगइन विधि नीचे दी गई है-

शेयरधारकों के प्रकार	**लॉग-इन विधि**
सीडीएसएल (CDSL) डिपॉजिटरी के साथ अभौतिक (डीमैट) रूप में प्रतिभूतियां रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारक	1) जिन उपयोगकर्ताओं ने सीडीएसएल ईजी/इजीएस्ट (Easi/Easiest) सुविधा का विकल्प चुना है, वे अपने मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड के माध्यम से लॉगइन कर सकते हैं। बिना किसी प्रमाणीकरण के ई-वोटिंग पृष्ठ तक पहुंचने का विकल्प उपलब्ध कराया जाएगा। ईजी/इजीएस्ट में लॉगइन करने के लिए उपयोगकर्ताओं से अनुरोध है कि वे सीडीएसएल की वेबसाइट www.cdslindia.com पर जाएं और लॉगइन आइकन और New System Myeasi टैब पर क्लिक करें। 2) सफल लॉगइन के बाद ईजी/इजीएस्ट उपयोगकर्ता उन पात्र कंपनियों के लिए ई-वोटिंग विकल्प देख सकेगा जहां कंपनी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार ई-वोटिंग जारी है। ई-वोटिंग विकल्प पर क्लिक करने पर, उपयोगकर्ता दूरस्थ ई-वोटिंग अवधि के दौरान अपना वोट डालने या मीटिंग के दौरान आभासी बैठक (वर्चुअल मीटिंग) और वोटिंग में शामिल होने के लिए ई-वोटिंग सेवा प्रदाता का ई-वोटिंग पेज देख पाएंगे। इसके अतिरिक्त, सभी ई-वोटिंग सेवा प्रदाताओं के सिस्टम तक पहुंचने के लिए लिंक भी उपलब्ध कराया गया है, ताकि उपयोगकर्ता सीधे ई-वोटिंग सेवा प्रदाताओं की वेबसाइट पर जा सकें। 3) यदि उपयोगकर्ता ईजी/इजीएस्ट के लिए पंजीकृत नहीं है, तो पंजीकरण करने का विकल्प सीडीएसएल वेबसाइट www.cdslindia.com पर उपलब्ध है और लॉगइन और New System Myeasi टैब पर क्लिक करें और फिर पंजीकरण विकल्प पर क्लिक करें। वैकल्पिक रूप से, उपयोगकर्ता www.cdslindia.com होम पेज पर उपलब्ध ई-वोटिंग लिंक से डीमैट खाता संख्या और पैन नंबर प्रदान करके सीधे ई-वोटिंग पेज तक पहुंच सकता है। सिस्टम डीमैट खाते में दर्ज अनुसार पंजीकृत मोबाइल और ईमेल पर ओटीपी भेजकर उपयोगकर्ता को प्रमाणित करेगा। सफल प्रमाणीकरण के बाद, उपयोगकर्ता ई-वोटिंग विकल्प देख सकेगा जहां ई-वोटिंग चल रही है और वह सभी ई-वोटिंग सेवा प्रदाताओं के सिस्टम तक सीधे पहुंच भी सकेगा।
एनएसडीएल (NSDL) डिपॉजिटरी के साथ अभौतिक (डीमैट) रूप में प्रतिभूतियां रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारक	1) यदि आप पहले से ही NSDL IDeAS सुविधा के लिए पंजीकृत हैं, तो कृपया एनएसडीएल की ई-सेवा वेबसाइट पर जाएं। निम्नलिखित URL टाइप करके या तो पर्सनल कंप्यूटर पर या मोबाइल पर वेब ब्राउज़र https://eservices.nsdl.com खोलें। एक बार ई-सेवाओं का होम पेज प्रारंभ होने के बाद, "Login" के तहत "Beneficial Owner" आइकन पर क्लिक करें जो ' 'IDeAS' अनुभाग के तहत उपलब्ध है। एक नई स्क्रीन खुलेगी। आपको अपना यूजर आईडी और पासवर्ड दर्ज करना होगा। सफल प्रमाणीकरण के बाद, आप ई-वोटिंग सेवाएं देख पाएंगे। ई-वोटिंग सेवाओं के अंतर्गत "Access to e-Voting" पर क्लिक करें और आप ई-वोटिंग पृष्ठ देख पाएंगे। कंपनी के नाम या ई-वोटिंग सेवा प्रदाता के नाम पर क्लिक करें और आपको दूरस्थ ई-वोटिंग अवधि के दौरान अपना वोट डालने या मीटिंग के दौरान वर्चुअल मीटिंग और वोटिंग में शामिल होने के लिए ई-वोटिंग सेवा प्रदाता वेबसाइट पर पुनः निर्देशित किया जाएगा। 2) यदि उपयोगकर्ता IDeAS ई-सेवाओं के लिए पंजीकृत नहीं है, तो पंजीकरण करने का विकल्प https://eservices.nsdl.com पर उपलब्ध है। पंजीकरण के लिए "Register Online for IDeAS" पोर्टल का चयन करें अथवा https://eservices.nsdl.com/SecureWeb/IdeasDirectReg.jsp पर क्लिक करें। 3) एनएसडीएल की ई-वोटिंग वेबसाइट पर जाएं। निम्नलिखित URL टाइप करके या तो पर्सनल कंप्यूटर पर या मोबाइल पर वेब ब्राउज़र https://www.evoting.nsdl.com/ खोलें। एक बार ई-वोटिंग प्रणाली का होम पेज प्रारंभ होने के बाद, "Login" आइकन पर क्लिक करें जो 'Shareholder/Member' अनुभाग के अंतर्गत उपलब्ध है। एक नई स्क्रीन खुलेगी। आपको अपनी उपयोगकर्ता आईडी (यानी एनएसडीएल के साथ आपका सोलह अंकों का डीमैट खाता संख्या), पासवर्ड/ओटीपी और एक सत्यापन कोड दर्ज करना होगा जैसा कि स्क्रीन पर दिखाया गया है। सफल प्रमाणीकरण के बाद, आपको एनएसडीएल डिपॉजिटरी साइट पर पुनः निर्देशित किया जाएगा जहां आप ई-वोटिंग पृष्ठ देख सकते हैं। कंपनी के नाम या ई-वोटिंग सेवा प्रदाता के नाम पर

	क्लिक करें और आपको दूरस्थ ई-वोटिंग अवधि के दौरान अपना वोट डालने या मीटिंग के दौरान वर्चुअल मीटिंग और वोटिंग में शामिल होने के लिए ई-वोटिंग सेवा प्रदाता वेबसाइट पर पुनः निर्देशित किया जाएगा।

महत्वपूर्ण नोट : जो सदस्य यूजर आईडी/ पासवर्ड प्राप्त करने में असमर्थ हैं, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे उपर्युक्त वेबसाइट पर उपलब्ध फॉरगेट यूजर आईडी और फॉरगेट पासवर्ड विकल्प का उपयोग करें।

निक्षेपागार अर्थात सीडीएसएल और एनएसडीएल के माध्यम से लॉगिन से संबंधित किसी भी तकनीकी समस्या के लिए डीमैट रूप में प्रतिभूतियां रखने वाले वैयक्तिक शेयरधारकों के लिए हेल्प डैस्क

लॉगिन का प्रकार	हेल्प डैस्क विवरण
सीडीएसएल के साथ डीमैट रूप में प्रतिभूतियां रखने वाले वैयक्तिक शेयरधारक	लॉगिन में किसी भी तकनीकी समस्या के लिए सदस्य **helpdesk.evoting@cdslindia.com** पर अनुरोध भेजकर सीडीएसएल हेल्प-डैस्क से संपर्क कर सकते हैं या टोल फ्री नंबर 1800225533 पर संपर्क कर सकते हैं।
एनएसडीएल के साथ डीमैट रूप में प्रतिभूतियां रखने वाले वैयक्तिक शेयरधारक	लॉगिन में किसी भी तकनीकी समस्या के लिए सदस्य **evoting@nsdl.co.in** पर अनुरोध भेजकर एनएसडीएल हेल्प-डैस्क से संपर्क कर सकते हैं या टोल फ्री नंबर 022-48867000 और 022-24997000 पर कॉल कर सकते हैं।

चरण 2: भौतिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों और डीमैट रूप में गैर-वैयक्तिक शेयरधारकों के मामले में सीडीएसएल ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से अभिगम।

I) **डीमैट फॉर्म में वैयक्तिक हिस्सेदारी के अतिरिक्त भौतिक शेयरधारकों और शेयरधारकों** के लिए ई-मतदान और आभासी बैठकों में शामिल होने के लिए लॉगिन विधि।

1) शेयरधारकों को ई-वोटिंग वेबसाइट **www.evotingindia.com** पर लॉग-ऑन करना चाहिए।
2) "शेयरधारक" मॉडयूल पर क्लिक करें।
3) अब अपना यूजर आईडी प्रविष्ट करें।
   a. सीडीएसएल हेतु – 16 अंकों की हिताधिकारी आईडी।
   b. एनएसडीएल हेतु – 8 अंकों की डीपी आईडी के बाद 8 अंकों की ग्राहक आईडी।
   c. भौतिक रूप में शेयरधारक बैंक में पंजीकृत अपनी फोलियों संख्या प्रविष्ट करें।
4) इसके बाद दर्शाई गई ईमेज सत्यापन को प्रविष्ट करें और लॉगइन पर क्लिक करें।
5) यदि आपके पास शेयर डीमेट रूप में हैं और आपने **www.evotingindia.com** पर लॉग-ऑन कर दिया है और पूर्व में किसी कंपनी हेतु ई-मतदान किया है तो आपने वर्तमान पासवर्ड का प्रयोग करना है।
6) यदि आप प्रथम बार प्रयोगकर्ता हैं तो निम्न दिए गए चरणों का अनुसरण करें :

	भौतिक रूप तथा अभौतिक रूप (डीमेट) में शेयरधारकों हेतु।
पैन	आयकर विभाग द्वारा जारी अपना 10 अंकों का अल्फा-न्यूमेरिक *पैन प्रविष्ट करें (यह डीमेट शेयरधारकों और भौतिक शेयरधारकों दोनों के लिए लागू है) • शेयरधारक जिन्होंने अपना पैन कंपनी/ डिपाजिटरी सहभागी के पास अपडेट नहीं कराया है, से अनुरोध है कि वे बैंक/आरटीए द्वारा भेजे गए अनुक्रम संख्या का प्रयोग करें या बैंक/आरटीए से संपर्क करें।
लाभांश बैंक विवरण **या** जन्म-तिथि (डीओबी)	लॉगिन करने हेतु अपने डिमेट खाते में या बैंक अभिलेख में दर्ज लाभांश बैंक विवरण या जन्म-तिथि (दिन/माह/वर्ष प्रारूप में) प्रविष्ट करें। • यदि दोनों विवरण निक्षेपागार या बैंक के पास पंजीकृत नही हैं तो कृपया लाभांश बैंक विवरण फील्ड में सदस्य आईडी/फोलियों संख्या प्रविष्ट करें।

II) इन विवरणों को उपयुक्त रूप से प्रविष्ट करने के पश्चात "सबमिट" टेब पर क्लिक करें।

III) सदस्य जिनके पास भौतिक रूप में शेयर हैं, सीधे सेलेक्शन स्क्रीन पर पहुँच सकते हैं। तथापि, शेयरधारक जिनके पास डीमेट रूप में शेयर हैं "पासवर्ड क्रिएशन विकल्प" में पहुँचेंगे, जहाँ उन्हें नए पासवर्ड स्थान में अनिवार्य रूप से अपना लॉग-इन पासवर्ड दर्ज करना होगा। कृपया नोट करें कि डीमेट धारकों द्वारा इस पासवर्ड का उपयोग किसी भी कंपनी जिसमें वह वोट देने के लिए पात्र है, उपयोग किया जा सकता है बशर्ते कंपनी सीडीएसएल प्लेटफॉर्म के माध्यम से ई-मतदान करवाती हो। बलपूर्वक यह अनुशंसा की जाती है कि अपना पासवर्ड किसी अन्य व्यक्ति को न बताएं तथा अपने पासवर्ड को गोपनीय रखने के लिए अतिरिक्त सावधानी बरतें।

IV) सदस्य जिनके पास शेयर भौतिक रूप में हैं, इस सूचना में उल्लिखित अनुसार केवल ई-मतदान के लिए विवरण का उपयोग किया जा सकता है।

V) पंजाब एण्ड सिंध बैंक के "ईवीएसएन" पर क्लिक करें जिसको आप मतदान करना चाहते हैं।

VI) वोटिंग पृष्ठ पर आपको "RESOLUTION DESCRIPTION" दिखेगा और उसके सामने वोटिंग के लिए "हां/नहीं" का विकल्प दिखेगा। इच्छानुसार हाँ या नहीं विकल्प चुनें। विकल्प हाँ का अर्थ है कि आप संकल्प से सहमत हैं और विकल्प नहीं का अर्थ है कि आप संकल्प से असहमत हैं।

VII) यदि आप संपूर्ण संकल्प विवरण देखना चाहते हैं तो "RESOLUTION FILE LINK" पर क्लिक करें।

VIII) एक पुष्टि बॉक्स दिखेगा। यदि आप अपने मतदान की पुष्टि करना चाहते हैं तो "ओके" पर क्लिक करें और यदि अपना वोट बदलना चाहते हैं तो "कैंसल" पर क्लिक करें व तदनुसार अपना मतदान संशोधित करें।

IX) संकल्प पर एक बार मतदान की "पुष्टि" के पश्चात आपको अपने मतदान को संशोधन की अनुमति नहीं होगी।

X) मतदान पृष्ठ पर "प्रिंट लेने हेतु यहाँ क्लिक करें" विकल्प पर क्लिक करके आप अपने द्वारा किए गए मतदान का प्रिंट भी निकाल सकते हैं।

XI) यदि डीमेट खाताधारक अपना लॉग-इन पासवर्ड भूल गए हैं तो यूजर आईडी और ईमेज सत्यापन कोड को प्रविष्ट करें तथा फॉरगेट पासवर्ड पर क्लिक करें व प्रणाली द्वारा मांगे गए विवरण को प्रविष्ट करें।

XII) यदि कोई बीआर/पीओए अपलोड किया गया है तो उसे अपलोड करने का एक वैकल्पिक प्रावधान भी है, जिसे सत्यापन के लिए जांचकर्ता को उपलब्ध कराया जाएगा।

XIII) **गैर-वैयक्तिक शेयरधारकों और अभिसंरक्षकों के लिए अतिरिक्त सुविधा - केवल दूरस्थ वोटिंग के लिए।**

- गैर-वैयक्तिक शेयरधारकों (अर्थात व्यैक्तिक, एचयूएफ, एनआरआई इत्यादि के अतिरिक्त) तथा अभिरक्षकों को **www.evotingindia.com** पर लॉग-ऑन करना होगा और "कॉरपोरेट" मॉडयूल में स्वयं को पंजीकृत करना होगा।
- पंजीकरण फॉर्म की स्कैन प्रति जिस पर इकाई की मुहर तथा हस्ताक्षर हो, को **helpdesk.evoting@cdslindia.com** पर मेल की जानी चाहिए।
- लॉग-इन विवरण प्राप्त होने के बाद, एडमिन लॉगइन तथा पासवर्ड का उपयोग करके अनुपालन यूजर क्रिएट कर लेना चाहिए। अनुपालन यूजर खाता (ओं) को लिंक करने समर्थ होगा जिसके लिए वो मतदान करना चाहते हैं।
- लॉगिन में लिंक किए गए खातों की सूची स्वचालित रूप से मेल की जाएगी और किसी भी गलत मेल के मामले में इसे हटाया जा सकता है।
- बोर्ड संकल्प तथा मुख्तारनामा (पीओए) की स्केन प्रति जिसे उन्होनें अभिरक्षक के पक्ष में जारी किया है (यदि हो), संवीक्षक के पास उसके सत्यापन के लिए सिस्टम में पीडीएफ प्रारूप में अपलोड करना चाहिए।
- वैकल्पिक रूप से गैर-वैयक्तिक शेयरधारकों को विधिवत प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता जो मतदान के लिए अधिकृत है, के अनुप्रमाणित नमूना हस्ताक्षर सहित प्रासंगिक बोर्ड संकल्प/ प्राधिकरण पत्र इत्यादि संवीक्षक तथा बैंक को ईमेल पते अर्थात **scruitinizer@snaco.net** तथा **complianceofficer@psb.co.in** पर भेजना आवश्यक है। यदि वे वैयक्तिक टैब से मतदान कर चुके हैं और उसे जांच के लिए संवीक्षक को सीडीएसएल ई-मतदान प्रणाली में अपलोड नहीं किया है।

वीसी/ ओएवीएम के माध्यम से ईजीएम में भाग लेने और बैठक के दौरान ई-मतदान करने वाले शेयरधारकों के लिए निर्देश निम्नानुसार हैं:

1. ईजीएम के दिन बैठक में भाग लेने तथा ई-मतदान के लिए प्रक्रिया, ई-मतदान के लिए ऊपर बताए गए निर्देशों के समान ही है।
2. बैठक में भाग लेने के लिए वीसी/ ओएवीएम के लिए लिंक, ई-मतदान के लिए ऊपर उल्लिखित निर्देशों के अनुसार सफल लॉगिन के बाद बैंक के ईवीएसएन प्रदर्शित किए जाने वाले स्थान पर उपलब्ध होगा।
3. दूरस्थ ई-मतदान के माध्यम से मतदान करने वाले शेयरधारक बैठक में भाग लेने के लिए पात्र होंगे। हालांकि, वे ईजीएम में मतदान के पात्र नहीं होंगे।
4. शेयरधारकों से अनुरोध है कि बेहतर अनुभव के लिए लैपटॉप/ आईपैड के माध्यम से बैठक में भाग लें।
5. आगे, शेयरधारकों को कैमरा अनुमत करना आवश्यक होगा तथा बैठक के दौरान किसी भी बाधा से बचने के लिए अच्छी गति के इंटरनेट का उपयोग करें।
6. कृपया ध्यान दें कि मोबाइल हॉटस्पॉट से कनेक्ट करके मोबाइल उपकरणों या टेबलेट या लैपटॉप के माध्यम से जुड़ने वाले सहभागियों को अपने संबंधित नेटवर्क में विचलन के कारण ऑडियो/ विडियों के घटने का अनुभव हो सकता है। किसी प्रकार के पूर्वोक्त गडबड़ी को कम करने के लिए स्थिर वाई-फाई या लेन कनेक्शन के उपयोग करने की अनुशंसा की जाती है।
7. शेयरधारक जो बैठक के दौरान अपना विचार व्यक्त करना चाहते हैं/ प्रश्न पूछना चाहते हैं, बैठक से कम से कम 48 घंटे पूर्व अपना नाम, डीमेट खाता संख्या/ फोलियो संख्या, ई-मेल आईडी, मोबाइल नंबर समाविष्ट अपना अनुरोध स्पीकर के रूप में complianceofficer@psb.co.in पर पंजीकृत कर सकते हैं। वे शेयरधारक जो ईजीएम के दौरान बोलना नहीं चाहते हैं लेकिन उन्हें किसी विषय में जानकारी चाहिए तो बैठक से न्यूनतम 48 घंटे पूर्व अपना नाम, डीमेट खाता संख्या/ फोलियो संख्या, ई-मेल आईडी, मोबाइल नंबर समाविष्ट अपने प्रश्न अग्रिम में complianceofficer@psb.co.in पर भेज सकते हैं। इन प्रश्नों के उत्तर बैंक द्वारा ई-मेल से समुचित रूप से दिया जाएगा।
8. जिन शेयरधारकों ने अपने को वक्ता के रूप में पंजीकृत किया है, बैठक के दौरान केवल उन्हें ही अपने विचार व्यक्त करने/ प्रश्न पूछने की अनुमति होगी।
9. केवल वे शेयरधारक, जो वीसी/ ओएवीएम सुविधा के माध्यम से ईजीएम में उपस्थित हैं और दूरस्थ ई-मतदान के माध्यम से संकल्पों पर अपना मतदान नहीं किया है और जिन्हें अन्यथा ऐसा करने से नहीं रोका गया है, ईजीएम के दौरान उपलब्ध ई-मतदान प्रणाली के माध्यम से मतदान के पात्र होंगे।
10. यदि ईजीएम के दौरान उपलब्ध ई-मतदान के माध्यम से किसी शेयरधारक द्वारा मतदान किया जाता है और उस शेयरधारक ने वीसी/ ओएवीएम सुविधा के माध्यम से बैठक में भाग नहीं लिया है तो ऐसे शेयरधारक द्वारा किए गए मतदान को अमान्य माना जाएगा क्योंकि बैठक के दौरान ई-मतदान की सुविधा केवल बैठक में भाग लेने वाले शेयरधारकों के लिए उपलब्ध है।

जिन शेयरधारकों के ई-मेल/मोबाइल नंबर, बैंक अथवा डिपॉजिटरी के पास पंजीकृत नहीं है, उनके लिए प्रक्रिया :

1) भौतिक शेयरधारकों के लिए – कृपया **complianceofficer@psb.co.in / delhi@linkintime.co.in** को ईमेल द्वारा आवश्यक विवरण यथा फोलियो संख्या, शेयरधारक का नाम, शेयर प्रमाण-पत्र की स्केन प्रति (अग्र और पश्च), पैन (पैन कार्ड की स्व अनुप्रमाणित स्कैन प्रति), आधार (आधार कार्ड की स्व अनुप्रमाणित स्कैन प्रति) उपलब्ध कराएं।
2) डीमेट शेयरधारकों के लिए – कृपया अपने संबंधित **निक्षेपागार सहभागी (डीपी)** के पास अपना मेल आईडी तथा मोबाइल नंबर अद्यतित करें।
3) **वैयक्तिक डीमेट शेयरधारकों के लिए** - कृपया अपने संबंधित निक्षेपागार सहभागी (डीपी) के पास अपना मेल आईडी तथा मोबाइल नंबर अद्यतित करें जो ई-मतदान करने तथा डिपॉजिटरी के माध्यम से आभासी बैठक में शामिल होने के लिए अनिवार्य है।

यदि आपको ईजीएम में भाग लेने एवं सीडीएसएल ई-मतदान प्रणाली से ई-मतदान के संबंध में किसी प्रकार की जिज्ञासा या प्रश्न है तो helpdesk.evoting@cdslindia.com पर मेल कर सकते हैं या टोल-फ्री नंबर 1800-22-5533 पर संपर्क कर सकते हैं।

इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा मतदान की सुविधा से जुड़े सभी शिकायतों के लिए श्री राकेश दल्वी, वरिष्ठ प्रबंधक, (सीडीएसएल) केंद्रीय डिपॉजिटरी सर्विस (इंडिया) लिमिटेड, ए विंग, 25वाँ तल, मैराथन फ्यूचर, मफतलाल मिल कंपाउंड, एन एम जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई-400013 पर संपर्क करें या helpdesk.evoting@cdslindia.com पर मेल करें या टोल-फ्री नंबर 1800-22-5533 पर संपर्क करें।

9. संवीक्षक

निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से ई-मतदान प्रक्रिया की संवीक्षा के लिए बैंक द्वारा मेसर्स एस. एन. अनंतसुब्रमण्यम एण्ड कंपनी, कंपनी सचिवों को संवीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है।

ईजीएम संपन्न होने के 48 घंटे भीतर संवीक्षक, बैठक के अध्यक्ष को कुल डाले गए मतदान पर समेकन संवीक्षक रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे और अध्यक्ष या उसके द्वारा लिखित में प्राधिकृत व्यक्ति उस पर प्रतिहस्ताक्षर करेंगे तथा शेयर बाजारों एवं बैंक वेबसाइट पर संवीक्षक रिपोर्ट सहित परिणाम डालकर तत्काल मतदान के परिणाम की घोषणा करेंगे।

10. पत्राचार में परिवर्तन/ लाभांश अधिदेश

a) सूचना/संचार प्रेषण के लिए बैंक, एनएसडीएल/सीडीएसएल के पास पंजीकृत और संबंधित निक्षेपागरों से आरटीए द्वारा डाउनलोड किए गए पते के विवरण का उपयोग करेगा। इलेक्ट्रॉनिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि डीमैट खाते में पंजीकृत अपने पते को संबंधित निक्षेपागर सहभागी के पास अद्यतित कराएं जिससे वह यथासमय अद्यतित हो सके। बैंक या उसके रजिस्ट्रार और शेयर अंतरण एजेंट, पते में किसी भी परिवर्तन के लिए इलेक्ट्रॉनिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों से प्राप्त किसी भी अनुरोध पर कार्रवाई नहीं कर सकते हैं। इस प्रकार के किसी भी परिवर्तन के लिए शेयरधारकों के निक्षेपागार सहभागी से ही अनुरोध किया जाए।

b) भौतिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे पते में किसी भी बदलाव के विषय में वैध दस्तावेजी साक्ष्य और विधिवत हस्ताक्षरित औपचारिक अनुरोध आवेदन, बैंक के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट अर्थात मेसर्स लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को प्रस्तुत करें। इलेक्ट्रॉनिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों को अपने संबंधित निक्षेपागार सहभागी के पास ही पते में परिवर्तन के लिए अनुरोध करना होगा न कि बैंक या बैंक के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट के पास।

c) शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे बैंक या बैंक के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट के साथ किसी भी पत्राचार में अपना संबंधित फोलियो नंबर (भौतिक रूप में शेयर रखने वालों के लिए) और अपनी संबंधित डीपी आईडी/ क्लाइंट आई-डी (इलेक्ट्रॉनिक/ डीमैट फॉर्म में शेयर रखने वालों के लिए) अवश्य उद्धृत करें।

11. भौतिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों द्वारा पैन, नामांकन, संपर्क विवरण, बैंक खाता विवरण और नमूना हस्ताक्षर प्रस्तुत करना

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिम. बोर्ड ने अपने परिपत्र संख्या SEBI/HO/MIRSD/MIRSD- PoD-1/P/CIR/2023/37 दिनांकित 16.03.2023 के माध्यम से निम्नलिखित परामर्श दिया है :

a) सूचीबद्ध कंपनियों में भौतिक प्रतिभूतियों के समस्त धारकों के लिए यह अनिवार्य होगा कि वे अपने संबंधित फोलियो संख्या के लिए पैन, नामांकन, संपर्क विवरण, बैंक खाता विवरण और नमूना हस्ताक्षर प्रस्तुत करें।

b) जिन फोलियो में उपर्युक्त अनुच्छेद में उल्लिखित में से कोई भी एक दस्तावेज़/ विवरण, 01 अक्टूबर 2023 को या उसके बाद उपलब्ध नहीं है, उन्हें आरटीए द्वारा अवरुद्ध/कीलन कर दिया जाएगा।

c) प्रतिभूतिधारक जिनके फोलियो अवरुद्ध/कीलन कर दिए गए हैं वे निम्नलिखित के लिए पात्र होंगे: (1) उपरोक्त पैरा 1 में उल्लिखित

पूर्ण दस्तावेज/ विवरण प्रस्तुत करने के बाद ही आरटीए से शिकायत दर्ज करने या किसी सेवा अनुरोध का लाभ उठाने के लिए। (2) 01 अप्रैल, 2024 से केवल इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से इस प्रकार अवरुद्ध/कीलन फोलियो के संबंध में लाभांश, ब्याज या मोचन भुगतान सहित किसी भी भुगतान के लिए।

d) यदि फोलियो, 31 दिसंबर 2025 तक अवरुद्ध/कीलन रहते हैं तो बेनामी संव्यवहार (प्रतिषेध) अधिनियम, 1988 और/या धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आरटीए/ बैंक द्वारा उनकी सूचना प्रशासी प्राधिकारी को दी जाएगी।

12. शेयरधारकों के लिए संपर्क विवरण

इस संचार के किसी भी मामले या पंजाब एण्ड सिंध बैंक के शेयर/लाभांशों से संबंधित किसी भी अन्य मुद्दे पर स्पष्टीकरण/ सहायता के लिए आप निम्नलिखित पते पर हमसे/ आरटीए से संपर्क कर सकते हैं (कृपया अपने पत्राचार में फोलियो संख्या / दूरभाष नंबर/ मोबाइल नंबर उद्धृत करें)

लिंक इनटाइम इंडिया प्रा.लि. यूनिट **:** पंजाब एण्ड सिंध बैंक नोबल हाइट्स, प्रथम तल, प्लॉट संख्या एनएच 2 एलएससी, सी-1 ब्लॉक, नियर सावित्री मार्किट जनकपुरी, नई दिल्ली**-110058** फोन**: +91 11 4141 0592, 93, 94** फैक्स**: +91 11 4141 0591** ई-मेल**: delhi@linkintime.co.in**	कंपनी सचिव पंजाब एण्ड सिंध बैंक एनबीसीसी ऑफिस कॉम्प्लेक्स प्रथम तल, ब्लॉक-3 पूर्वी किदवई नगर नई दिल्ली-110023 दूरभाष नंबर : 011-40175169 ई-मेल: complianceofficer@psb.co.in

सेबी ने परिपत्र संख्या SEBI/HO/MIRSD/MIRSD-PoD-1/P/CIR/2023/72 दिनांकित 08 जून, 2023 के माध्यम से आरटीए को सेवा अनुरोध/ शिकायतों के लिए एक उपयोगकर्ता-अनुकूल ऑनलाइन तंत्र या पोर्टल स्थापित करने का निर्देश दिया था।

सेबी के निर्देशानुसार, बैंक के आरटीए (मेसर्स लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड) ने नवीनतम निवेशक स्वयं सेवा पोर्टल **'स्वयं/SWAYAM'** नाम से प्रवर्तित किया है।

'स्वयं/SWAYAM' एक सुरक्षित, उपयोगकर्ता के अनुकूल वेब-आधारित एप्लिकेशन है जो शेयरधारकों को विभिन्न सेवाओं तक सहजतापूर्वक अभिगम के लिए समर्थ करता है। हम आपसे अनुरोध करते हैं कि पोर्टल पर पंजीकरण कर उसका प्रत्यक्ष अनुभव लें।

इस एप्लिकेशन को यूआरएल https://swayam.linkintime.co.in पर एक्सेस किया जा सकता है।

- सेवा अनुरोध का प्रभावी समाधान – '**स्वयं /SWAYAM**' के माध्यम से सेवा अनुरोध/ शिकायतें दर्ज करें व उसकी स्थिति देखें।
- विशेषताएं - उपयोगकर्ता अनुकूल जीयूआई।
- कॉरपोरेट कार्रवाई यथा लाभांश/ ब्याज/ बोनस/ विभक्त की स्थिति देखें।
- पैन आधारित निवेश - पैन से जुड़े खातों, कंपनीवार धारिता तथा प्रतिभूति मूल्यांकन तक पहुंच प्रदान करता है।
- अदत्त राशियों के लिए सहजतापूर्वक अनुरोध करें।
- स्वयं सेवा पोर्टल – मूर्त व अमूर्त रूप में धारित प्रतिभूतियों के लिए, जिनके फोलियो केवाईसी के अनुरूप हैं।
- विवरणी – संपूर्ण धारिता तथा कॉरपोरेट लाभ की स्थिति देखें।
- लॉगिन पर द्विकारण प्रमाणीकरण (2FA) - निवेशकों के लिए सुरक्षा उन्नत करता है।

13. भौतिक धारिता का अमूर्तीकरण - विशेष अनुरोध

a) सेबी ने अपनी प्रेस विज्ञप्ति संख्या 12/2019 दिनांकित 27.03.2019 के माध्यम से निर्णय लिया है कि प्रतिभूतियों के प्रेषण या रूपांतरण के प्रकरण के अतिरिक्त, प्रतिभूतियों के प्रभावी हस्तांतरण के अनुरोधों पर तब तक कार्रवाई नहीं की जाएगी जब तक कि प्रतिभूतियां दिनांक 01.04.2019 से निक्षेपागार के पास अमूर्त में नहीं रखी जाती हैं। इसलिए शेयरधारकों से अनुरोध हैं कि वे अपनी भौतिक धृति को अविलंब अमूर्त कराएं।

b) सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 40 (1) के अनुसार, मूर्त रूप में धारित प्रतिभूतियों का हस्तांतरण दिनांक 01.04.2019 से बंद कर दिया गया है। तदनुसार शेयरों का हस्तांतरण केवल उस स्थिति में किया जा सकता है जब शेयर अमूर्त रूप में धारित हैं।

c) आगे, सेबी ने परिपत्र संख्या SEBI/HO/MIRSD_RTAMB/P/ CIR/2022/8 दिनांकित 25 जनवरी 2022 के माध्यम से निर्णय लिया है कि प्रतिरूप शेयर प्रमाण-पत्र, प्रेषण, रूपांतरण इत्यादि के अनुरोधों को संसाधित करते समय सूचीबद्ध कंपनियां भविष्य में केवल अमूर्त रूप में प्रतिभूतियां जारी करेंगी। उपरोक्त के मद्देनज़र, भौतिक रूप से शेयर रखने वाले शेयरधारकों से अनुरोध है कि अपनी धृति को अमूर्तीकृत करें। शेयरों को डीमैट रूप में रखने के प्रमुख लाभ इस प्रकार हैं:

i) भौतिक शेयर प्रमाण-पत्र के क्षति या नष्ट होने की संभावना समाप्त हो गई है;
ii) शेयर प्रमाण-पत्रों के फाड़ने या कूटरचना या विकृत करने की संभावना समाप्त हो जाती है;
iii) अमूर्तीकरण, शेयरों के कागज रहित ट्रेडिंग की सुगमता और सुविधा प्रदान करता है। एक बार निक्षेपागार सहभागी (डीपी) के पास डीमैट खाता खुलने के बाद, शेयरधारक सुगमतापूर्वक इलेक्ट्रॉनिक रूप में शेयर खरीद या बेच सकते हैं।

14. भौतिक रूप में धारित शेयरों के अमूर्तीकरण की प्रक्रिया:

विद्यमान शेयर प्रमाणपत्रों के विवरण में बदलाव/संशोधन नहीं होने की स्थिति में अमूर्तीकरण की प्रक्रिया निम्नलिखित है

A. डीमैट खाता नहीं रखने वाले शेयरधारकों के लिए :

- शेयरधारक को निकटतम निक्षेपागार सहभागी (डीपी) से संपर्क करना होगा तथा शेयरधारक (ओं) को पंजाब एण्ड सिंध बैंक में शेयरधारिता के अनुसार ही अपने नाम व विशिष्टता से डीमैट खाता खोलना होगा।
- डीमैट खाता खोलने के पश्चात शेयरधारक को मूल शेयर प्रमाणपत्र (ओं) के साथ विधिवत भरे हुए व हस्ताक्षरित डीमैट अनुरोध फॉर्म (डीआरएफ), डीपी को सौंपना होगा, जो इसे बैंक के आरटीए को अग्रेषित करेंगे।
- आरटीए, डीआरएफ की जांच/ सत्यापन करेगा और उचित पाए जाने पर शेयरों को समकक्ष संख्या में शेयरधारक (ओं) के डीमैट खाते में क्रेडिट करेगा।

B. डीमैट खाता अनुरक्षित करने वाले शेयरधारकों के लिए :

- जिन शेयरधारकों के पास पहले से ही डीमैट खाता है, उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि पंजाब एण्ड सिंध बैंक में शेयरधारिता के अनुसार ही उनके नाम व विशिष्टता से विद्यमान डीमैट खाता अनुरक्षित किया गया है। यदि हाँ तो शेयरधारक (ओं) को मूल शेयर प्रमाणपत्र (ओं) के साथ विधिवत भरे हुए व हस्ताक्षरित डीआरएफ, डीपी को प्रस्तुत करना होगा, जो इसे बैंक के आरटीए को अग्रेषित करेंगे।
- आरटीए, डीआरएफ की जांच/ सत्यापन करेगा और उचित पाए जाने पर शेयरों को समकक्ष संख्या में शेयरधारक (ओं) के डीमैट खाते में क्रेडिट करेगा।
- यदि विद्यमान डीमैट खाता, शेयरधारिता के अनुसार समान नामक्रम में नहीं है तो शेयरधारक (ओं) को मार्गदर्शन के लिए अपने डीपी से संपर्क करना होगा।
- यदि विद्यमान शेयर प्रमाणपत्रों के विवरण में परिवर्तन होता है तो ऊपर उल्लिखित पते पर बैंक के आरटीए अर्थात मेसर्स लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड या बैंक से संपर्क करें।

15. अन्य जानकारी

a) शेयरधारक जो नामों के समान क्रम में समरूप नाम या संयुक्त नाम में कई फोलियो में भौतिक रूप में शेयर रखते हैं, उनसे अनुरोध किया जाता है कि वे एक ही फोलियो में समेकन के लिए अपने शेयर प्रमाणपत्र, आरटीए को भेजें।

b) बैंक द्वारा प्रारंभ किए गए 'हरित पहल' के मद्देनजर शेयरधारकों से अनुरोध है कि डीमेट रूप में धारित शेयरों के लिए अपने संबंधित डिपॉजिटरी सहभागी के पास तथा भौतिक रूप में शेयर धारित होने पर बैंक के आरटीए (आरटीए का ईमेल आईडीः delhi@linkintime.co.in) के पास अपना ईमेल आई-डी पंजीकृत करें। इसके अतिरिक्त नाम, डाक-पता, ई-मेल पता, दूरभाष/ मोबाइल नंबर, स्थाई खाता संख्या (पैन), अनुदेश, नामांकन, बैंक विवरण जैसे – बैंक का नाम तथा शाखा विवरण, बैंक खाता संख्या, एमआईसीआर कोड, आईएफएससी कूट इत्यादि से संबंधित किसी प्रकार के परिवर्तन की स्थिति में इलेक्ट्रॉनिक रूप में शेयरधारक उसकी सूचना अपने डीपी को दें तथा भौतिक रूप में शेयरधारक आरटीए को सूचित करें।

निदेशक मंडल के आदेश द्वारा
कृते पंजाब एण्ड सिंध बैंक

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 07.05.2024

साकेत मेहरोत्रा
कंपनी सचिव

व्याख्यात्मक विवरणी

मद संख्या 1: एक शेयरधारक निदेशक का चुनाव

बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1980 की धारा 9 (3) (i) केंद्र सरकार के अतिरिक्त, शेयरधारकों में से निदेशकों के चुनाव के लिए उपबंधित करता है तथा धारा अन्य बातों के साथ-साथ यह भी उपबंधित करता है कि यदि बैंक द्वारा जनता को निर्गम की गई पूंजी, कुल प्रदत्त-पूंजी के 16% से अधिक नहीं है तो शेयरधारकों द्वारा केंद्रीय सरकार के अतिरिक्त अपने में से एक निदेशक का चुनाव किया जाए। वर्तमान में बैंक की सार्वजनिक शेयरधारिता 1.75% है और बैंक के शेयरधारकों में से 1 निदेशक का चुनाव करने का प्रस्ताव है।

बैंक के शेयरधारक निदेशक श्री तीरथ राज मेंदीरत्ता का कार्यकाल 11 मई 2024 को समाप्त होगा। इस रिक्ति को भरने के उद्देश्य से, बैंक के शेयरधारकों (केन्द्र सरकार के अतिरिक्त) का प्रतिनिधित्व करने वाले एक निदेशक के चुनाव के लिए बैंक की असाधारण सामान्य बैठक बुलाई गई है।

इसलिए शेयरधारक (केंद्रीय सरकार के अतिरिक्त), प्रासंगिक अधिनियम/योजना/विनियमन/आरबीआई दिशानिर्देश/ केंद्रीय सरकार के दिशानिर्देशों, प्रासंगिक उद्धरण/भाग जो अन्यत्र पुनः प्रस्तुत किए गए है, में विस्तृत प्रक्रिया अनुसार अपना नामांकन भेजने के पात्र हैं।

विधिक प्रावधानः

निम्नलिखित तालिका में इस संबंध में लागू विभिन्न अधिनियमों/विनियमों/योजना/अधिसूचनाओं में निहित प्रावधानों का उल्लेख है –

अधिनियम/ योजना/ विनियमन/ अधिसूचनाएं	प्रावधान	संक्षिप्त ब्यौरा
बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949	धारा 5 (एन ई) धारा 16 (1) धारा 20	• पर्याप्त हित • समान निदेशकों का निषेध • अपने किसी निदेशक को या उसकी ओर से ऋण या अग्रिम स्वीकृति पर प्रतिबंध
बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1980	धारा 3 (2 ई) धारा 9 (3) (i) धारा 9 (3 ए) (ए) से (सी) धारा 9 (3 ए ए) व धारा 9 (3 ए बी) धारा 9 (3 बी) धारा 13 (2)	• मताधिकार पर प्रतिबंध • शेयरधारकों द्वारा चुने जाने वाले निदेशकों की संख्या • कतिपय क्षेत्रों में विशेष ज्ञान • कोई भी व्यक्ति निदेशक के रूप में चुने जाने के लिए पात्र होगा यदि वह पिछले कार्य-निष्पादन रिकार्ड के अनुसार 'उचित व उपयुक्त' प्रतिष्ठाधारक, ईमानदार और इस प्रकार के अन्य मानदंड जैसा आरबीआई निर्धारित कर सकता है, व्यक्ति हो। • उक्त अधिनियम की धारा 9 (3 ए) तथा 9 (3 ए ए) की अपेक्षाओं को पूरा न करने वाले किसी चयनित निदेशक को हटाने का आरबीआई का अधिकार। • निष्ठा तथा गोपनीयता के रूप में बाध्यता।
राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1980	खंड 9 (4) खंड 10 खंड 11 खंड 11 ए खंड 11 बी खंड 12 (8)	• चुने हुए निदेशकों का कार्यकाल। • बैंक में निदेशक के रूप में चुने जाने से अयोग्यता। • निदेशक का कार्यालय खाली करना। • चुने गए निदेशक को कार्यालय से हटाना। • चुने गए किसी निदेशक का कार्यालय में आकस्मिक रिक्ति को भरना। • जिन व्यवस्थाओं में निदेशकों का हित है, उन हितों का निदेशकों द्वारा प्रकटीकरण
पंजाब एण्ड सिंध (शेयर और बैठकें) विनियमन, 2008	विनियम 10 विनियम 61 विनियम 63 विनियम 64 विनियम 65 विनियम 66 विनियम 67 विनियम 68	• संयुक्त धारकों के अधिकारों का प्रयोग • सामान्य बैठकों में मतदान • सामान्य बैठकों में निदेशकों का चुनाव • शेयरधारकों की सूची • चुनाव हेतु उम्मीदवारों का चयन • नामांकनों की संवीक्षा • चुनाव विवाद • मताधिकारों का निर्धारण

	विनियम 69 विनियम 70	• विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा मतदान • परोक्षी
भारिबैं/बैंविवि/2019-20/71 मास्टर निदेश बैंविवि.नियु.सं .9/29.67.001/ 2019-20 दिनांकित 02.08.2019 के माध्यम से जारी भारतीय रिज़र्व बैंक (सरकारी क्षेत्र के बैंकों के बोर्ड पर निर्वाचित निदेशकों के लिए 'उचित और उपयुक्त' मानदंड) निर्देश, 2019	बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1980 की धारा 9 (3 ए बी) तथा धारा 9 (3 ए ए) के अनुसरण में	**भारतीय रिज़र्व बैंक (सरकारी क्षेत्र के बैंकों के बोर्ड पर निर्वाचित निदेशकों के लिए 'उचित और उपयुक्त' मानदंड) निर्देश, 2019**
भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएं विभाग के संदर्भ एफ. सं. 16/83/2013-के माध्यम से पत्र दिनांकित 03.09.2013 तथा जीओआई पत्र एफ.नं. 16/51/2012-बीओ.आई. दिनाकित 28.04.2015 के माध्यम से अग्रेषित अंशकालिक गैर सरकारी निदेशक की नियुक्ति के लिए मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति से अनुमोदित भारत सरकार द्वारा जारी संशोधित दिशानिर्देश दिनांकित 25.03.2015 तथा जीओआई पत्र एफ.नं. 16/51/2012-बीओ.आई. दिनाकित 20.07.2016 के माध्यम से अग्रेषित संशोधित दिशानिर्देश दिनांकित 08.07.2016 तथा इसके बाद तत्संबंधी संशोधन, यदि हो।		सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशकों की नियुक्ति हेतु भारत सरकार के दिशानिर्देश
आरबीआई मास्टर परिपत्र आरबीआई/2015-16/95 डीबीआर सं. डीआईआर.बीसी.10/13.03.00/2015-16 दिनांकित जुलाई 01, 2015		निदेशकों के रिश्तेदारों को ऋण एवं अग्रिम प्रदान करना।
सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमन 2015		स्वतंत्र निदेशक से संबंधित प्रावधान

शेयरधारकों की सुविधा के लिए अधिनियम, विनियम अधिनियम, योजना, आरबीआई परिपत्र संख्या डीबीआर.नियुक्ति.बीसी.सं. 39/ 29.39.001/2016-17 दिनांकित 24.11.2016 के साथ पठित **भारिबैं/ बैंविवि/2019-20/71 मास्टर निदेश बैंविवि.नियु.सं: 9/29. 67. 001/2019-20 दिनांकित 02.08.2019 के माध्यम से जारी भारतीय रिज़र्व बैंक (सरकारी क्षेत्र के बैंकों के बोर्ड पर निर्वाचित निदेशकों के लिए 'उचित और उपयुक्त' मानदंड) निर्देश, 2019 तथा भारत सरकार के दिशानिर्देश से संगत उद्धरण को बैंक वेबसाइट** https://punjabandsindbank.co.in/ पर प्रदर्शित किया जाएगा। इस तरह के उद्धरण इच्छुक उम्मीदवारों को कंपनी सचिव को संबोधित, पंजाब एण्ड सिंध बैंक के कॉर्पोरेट कार्यालय में complianceofficer@psb.co.in पर अनुरोध प्राप्त होने पर ई-मेल भी किए जाएंगे, नामांकन फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि अर्थात **गुरुवार, 16 मई, 2024** को या उससे पहले होगी।

चुनाव में सहभागिता :
जैसा कि पूर्व में सूचित किया गया है, जिन शेयरधारकों के नाम निर्दिष्ट तिथि अर्थात् **शुक्रवार, 03 मई, 2024** को शेयरधारकों/ हिताधिकारी स्वामी के रजिस्टर में दर्ज हैं, केंद्रीय सरकार के अतिरिक्त शेयरधारकों के मध्य में से एक निदेशक के चुनाव में भाग लेने यथा नामांकन, निर्वाचन तथा मतदान के लिए पात्र होंगे।
कृपया ध्यान दें कि केंद्रीय सरकार, निदेशक के चुनाव में भाग लेने के लिए पात्र नहीं हैं लेकिन पर्यवेक्षक के रूप में ईजीएम में भाग ले सकता है।

बैंक के निदेशक के रूप में निर्वाचित होने के लिए आवश्यक अर्हताएं :

अधिनियम की धारा 9 (3 ए) के अनुसार, वह उम्मीदवार जो बैंक का शेयरधारक है और अधिनियम की धारा 9 (3) (i) के अंतर्गत बैंक के निदेशक के रूप में निर्वाचित होने के इच्छुक है, उसे

A. निम्न में से किसी एक अथवा अधिक विषय में विशेष ज्ञान या व्यवहारिक अनुभव हो :

(i) कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था
(ii) बैंकिंग
(iii) सहकारिता
(iv) अर्थशास्त्र
(v) वित्त
(vi) विधि
(vii) लघु उद्योग
(viii) किसी अन्य विषय में विशेष ज्ञान, व्यावहारिक अनुभव जो भारतीय रिजर्व़ बैंक की राय में बैंक के लिए उपयोगी हो सकता है।

(आरबीआई ने अपने परिपत्र संख्या डीबीआर.एपीपीटी.बीसी.सं.39/29.39.001/2016-17 दिनांकित 24.11.2016 के माध्यम से बैंकों में निदेशक की नियुक्ति पर विचार किए जाने हेतु व्यक्तियों के लिए विशेषज्ञता के क्षेत्रों में विस्तार कर (i) सूचना प्रौद्योगिकी (ii) भुगतान एवं निपटान प्रणाली (iii) मानव संसाधन (iv) जोखिम प्रबंधन और (v) व्यवसाय प्रबंधन, को शामिल किया है)

B. जमाकर्ताओं के हितों का प्रतिनिधित्व करता है; या

C. किसानों, कामगारों तथा शिल्पकारों के हितों का प्रतिनिधित्व करता हो

अधिनियम की धारा 9 (3 ए ए) के अनुसार, धारा 9 (3) (i) के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति निदेशक के रूप में चुने जाने के लिए पात्र होगा यदि वह पिछले कार्य-निष्पादन रिकार्ड के अनुसार 'उचित व उपयुक्त' प्रतिष्ठाधारक, ईमानदार और इस प्रकार के अन्य मानदंड जैसा कि भारतीय रिज़र्व बैंक इस संबंध में समय-समय पर अधिसूचित कर सकता है, वाला व्यक्ति हो।

बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970/80 की धारा 9 की उप धारा (3 क क) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970/80 की धारा 9 (3)(i) के प्रावधानों के अंतर्गत सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के बोर्ड में निदेशक के रूप में चुने जाने के लिए पात्र होने वाले व्यक्ति की विशिष्ट 'उचित और उपयुक्त' मापदंड निर्धारित करते हुए अधिसूचना संख्या **बैंविवि.नियु.सं.9/29. 67.001/2019-20 दिनांकित 02 अगस्त 2019** जारी की है।

आगे, निर्वाचित निदेशक को बैंक की आचार संहिता के अधीन प्रसंविदा विलेख निष्पादित करना होगा और इस संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक/ अन्य विनियामक प्राधिकारियों द्वारा निर्धारित वार्षिक घोषणा प्रस्तुत करना होगा।

बैंक के निदेशक के रूप में निर्वाचित होने के लिए निर्धारित अयोग्यताएं

A. राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1980 के खंड 10 के अनुसार निम्न व्यक्ति निदेशक के रूप में नियुक्त होने या निदेशक बनने का पात्र नहीं होगा :

(i) यदि उसे कभी दिवालिया घोषित किया गया है या उसने लेनदारों का भुगतान निलंबित किया हो या प्रशमन किया हो; या
(ii) यदि उसे विकृत चित्त का पाया गया हो तथा किसी सक्षम न्यायालय द्वारा उसे ऐसा घोषित किया गया हो ; या
(iii) यदि किसी नैतिक चरित्रहीनता से जुड़े अपराध में किसी फ़ौजदारी अदालत ने उसे दोषी ठहराया हो ; या
(iv) अधिनियम की धारा 9 की उपधारा (3) के खंड (ई) व (एफ) के अंतर्गत बैंक के कर्मचारियों में से नामित प्रबंध निदेशक तथा निदेशकों सहित पूर्णकालिक निदेशक के धारित पद के अतिरिक्त, भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम 1955 की धारा 3 की उपधारा (1) के अंतर्गत गठित भारतीय स्टेट बैंक या किसी राष्ट्रीयकृत बैंक या भारतीय स्टेट बैंक (अनुषंगी बैंक) अधिनियम 1959 की धारा 3 में परिभाषित किसी अनुषंगी बैंक में लाभ का पद धारित करता हो, और

B. यदि वह बैंक बोर्ड के नामांकन और पारिश्रमिक समिति द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में गैर-सरकारी निदेशक के रूप में विचार करने हेतु केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित मानदंड के साथ पठित आरबीआई/डीबीआर/2019-20/71 मास्टर निर्देश **बैंविवि.नियु.सं.9/29. 67.001/2019-20 दिनांकित 02 अगस्त 2019 के माध्यम से जारी भारतीय रिज़र्व बैंक (सरकारी क्षेत्र के बैंकों के बोर्ड पर निर्वाचित निदेशकों के लिए 'उचित और उपयुक्त' मानदंड) निर्देश, 2019 के अनुसार** 'उचित और उपयुक्त' व्यक्ति नहीं पाया गया हो।

कृपया ध्यान दें – बैंक में प्राप्त कानूनी परामर्श तथा निदेशक मंडल द्वारा अभिलेख में लिए गए अनुसार, पंजाब एण्ड सिंध बैंक के सेवानिवृत्त अधिकारियों को बैंक के शेयरधारक निदेशक का चुनाव लड़ने के लिए 'उचित और उपयुक्त' नहीं माना जाएगा।

कार्यकाल
राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंध एवं विविध प्रावधान) योजना, 1980 के खंड 9(4) के अनुसार, निर्वाचित निदेशक तीन वर्ष तक पद पर रहेगा तथा पुनः निर्वाचित होने का पात्र होगा। बशर्ते कि ऐसा कोई निदेशक छह वर्ष से अधिक अवधि तक निरंतर पद पर नहीं रहेगा।

शेयरधारकों की सूची :

पंजाब एण्ड सिंध बैंक (शेयर एवं बैठकें) विनियमन 2008 के विनियम 64 में उपबंधित अनुसार, शेयरधारकों की सूची (इलेक्ट्रॉनिक रूप में यथा सीडी/पेन ड्राइव या इस प्रकार के अन्य माध्यम), बैंक के कार्पोरेट कार्यालय, एनबीसीसी ऑफिस कॉम्प्लेक्स, प्रथम तल, ब्लॉक 3, पूर्वी किदवई नगर, नई दिल्ली-110023 में शुक्रवार, 10 मई, 2024 से ₹50,000 (रुपये पचास हजार हजार मात्र) के भुगतान पर शेयरधारकों द्वारा खरीदने के लिए उपलब्ध रहेगी, भुगतान अनुसूचित बैंक के मांग ड्राफ्ट/भुगतान आदेश से किया जाना है जो नई दिल्ली में देय "पंजाब एण्ड सिंध बैंक" के पक्ष में जारी होगा। उक्त सूची को खरीदने के इच्छुक उम्मीदवारों को वचन कि इस सूची का उपयोग चुनाव प्रचार के लिए किया जाएगा तथा किसी भी अन्य उद्देश्य के लिए इसका उपयोग नहीं किया जाएगा, सहित "कंपनी सचिव, पंजाब एण्ड सिंध बैंक, शेयर कक्ष, कार्पोरेट कार्यालय, एनबीसीसी ऑफिस कॉम्प्लेक्स, प्रथम तल, ब्लॉक 3, पूर्वी किदवई नगर, नई दिल्ली-110023" को संबोधित करते हुए अनुरोध पत्र प्रेषित करना होगा।

शेयरधारकों के रजिस्टर का निरीक्षण :

शेयरधारकों द्वारा निरीक्षण के लिए शेयरधारकों का रजिस्टर एनबीसीसी ऑफिस कॉम्प्लेक्स, प्रथम तल, ब्लॉक 3, पूर्वी किदवई नगर, नई दिल्ली-110023 में स्थित शेयर कक्ष में सभी कार्यालयीन दिवस (रविवार, माह के दूसरे व चौथे शनिवार तथा बैंक अवकाश को छोड़कर) यथा सोमवार से शनिवार अपराह्न 3.00 बजे से अपराह्न 5.00 बजे तक उपलब्ध रहेगा। यदि किसी शेयरधारक को चुनिंदा/आंशिक जानकारी की प्रति या कंप्यूटर प्रिंट की आवश्यकता होती है तो प्रतिलिपि के लिए आवश्यक प्रत्येक 1,000 शब्दों या उसके भाग के लिए ₹5/- (रुपये पाँच मात्र) की दर पर पूर्व-भुगतान पर उसे दिया जाएगा।

चुनाव हेतु उम्मीदवारों का नामांकन :

I. नामांकन की वैधता :

पंजाब एण्ड सिंध बैंक (शेयर और बैठकें) विनियम, 2008 के विनिमयम 65 के संदर्भ में, भा.रि.बैंक के दिशा-निर्देश और भारत सरकार के दिशानिर्देश और किसी भी अन्य संशोधन या निदेशक के रूप में चुने जाने के लिए समय-समय पर जारी किए जाने वाले ऐसे अन्य प्रावधानों के अनुसार निदेशक के रूप में चुनाव के लिए उम्मीदवार का नामांकन वैध होगा :

a) वह शेयरधारक जिसके पास **शुक्रवार, 03 मई, 2024** को बैंक के **100 (एक सौ) शेयर** से कम नहीं है जो की चुनाव में भाग लेने के लिए शेयरधारकों की पात्रता निर्धारित करने के उद्देश्य से एक निर्दिष्ट तिथि / कट-ऑफ तिथि निर्दिष्ट की जा रही है तथा यदि वह निर्वाचित होता है तो बैठक की तिथि तक और उसके कार्यकाल के अंत तक न्यूनतम 100 शेयरों को धारण करता है।

b) नामांकन की प्राप्ति की अंतिम तिथि **गरुवार, 16 मई, 2024** तक की स्थिति के अनुसार, वह बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 या बैंकिंग कंपनियों (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1980 या राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1980 या पंजाब एण्ड सिंध बैंक (शेयर और बैठकें) विनियम, 2008 के अंतर्गत निदेशक होने के लिए अयोग्य नहीं है तत्पश्चात, दिनांकित 02 अगस्त 2019 के भारतीय रिज़र्व बैंक के मानक निर्देशों (सरकारी क्षेत्रों के बैंक के बोर्ड पर निर्वाचित निदेशकों के लिए "उचित और उपयुक्त" मानदंड के प्रावधानों के अनुसार निदेशक मंडल के लिए "उचित और उपयुक्त" पाया गया है, साथ पढ़ा जाए 25 मार्च 2015 और 08 जुलाई 2016 को भारत सरकार द्वारा जारी किए गए सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के गैर-कार्यकारी निदेशकों के लिए दिशानिर्देश या ऐसे अन्य निर्देश जो समय-समय पर निदेशक के रूप में चुने जाने के लिए जारी किए जा सकते हैं।

c) वैध नामांकन लिखित में और अधिनियम के अंतर्गत निदेशक निर्वाचन करने के लिए पात्र कम से कम **100 (एक सौ) शेयरधारकों** अथवा उनके यथाविधि अटर्नि ने उस पर हस्ताक्षर किए है, बशर्ते कंपनी के रूप में शेयरधारक होने की स्थिति में नामांकन संबंधित कंपनी के निदेशकों द्वारा संकल्प के रूप में किया जा सकता है। इस तरह से नामांकन करने की स्थिति में जिस बैठक में इस तरह का संकल्प पारिक किया जाए उस बैठक क अध्यक्ष द्वारा सत्य प्रतिलिपि के रूप में प्रमाणित संकल्प की प्रतिलिपि कंपनी सचिव को संबोधित बैंक के कॉर्पोरेट कार्यालय, शेयर कक्ष, एनबीसीसी ऑफिस कॉम्प्लेक्स, प्रथम तल, ब्लॉक 3, पूर्वी किदवई नगर, नई दिल्ली-110023 को प्रेषित हो तथा इस तरह भेजी गई प्रतिलिपि को कंपनी की ओर से किया गया नामांकन माना जाएगा।

d) वैध नामांकन के साथ घोषणा संलग्न हो जो किसी जज, मजिस्ट्रेट, रजिस्ट्रार या सब-रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस अथवा राजपत्रित अधिकारी अथवा भारतीय रिज़र्व बैंक अथवा अन्य किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक के अधिकारी द्वारा के विधिवत हस्ताक्षरित हो और यह कि वह नामांकन स्वीकार करता है और चुनाव के लिए खड़ा होने के लिए इच्छुक है और उसे या तो अधिनियम/विनियमन/योजना/भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्दशों/निदेशक होने से लागू होने वाले भारत सरकार के दिशानिर्देशों अंतर्गत निदेशक होने के लिए अयोग्य नहीं ठहराया गया है।

e) नामांकन फार्म एवं घोषणा फार्म वैसे है जैसा कि विनियम द्वारा निर्धारित है तथा प्रोफार्मा के रूप में अनुलग्नक हैं। (प्रोफार्मा बैंक की वेबसाइट https://punjabandsindbank.co.in/ पर भी पूर्ण सूचना के साथ उपलब्ध है।)

II. नामांकन फार्मों को जमा करना :

केंद्र सरकार के अलावा अन्य शेयरधारकों के बीच बैंक के निदेशकों के चुनाव लड़ने के इच्छुक शेयरधारक नीचे दिए गए प्रारूप में निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करने चाहिए "**पंजाब एण्ड सिंध बैंक - शेयरधारक निदेशक का चुनाव – 2024" व्यक्तिगत रूप से या कंपनी सचिव को संबोधित, पंजाब एण्ड सिंध बैंक, प्र.का. लेखा और लेखा परीक्षा विभाग, शेयर कक्ष, एनबीसीसी ऑफिस कॉम्प्लेक्स, प्रथम तल, ब्लॉक 3, पूर्वी किदवई नगर, नई दिल्ली-110023 में रजिस्टर्ड डाक/कूरियर के माध्यम से ताकि ईजीएम बैठक के लिए तय की गई तारीख के कम से कम 14 दिन पहले किसी कार्यदिवस को अर्थात् 16 मई, 2024, गुरुवार को शाम 04:00 बजे तक या पूर्व दी जाए**:

a) विधिवत भरा गया घोषणा फॉर्म;
b) चुनाव में भाग लेने के लिए पात्र शेयरधारकों में से न्यूनतम एक सौ का वैध नामांकन;

c) व्यक्तिगत जानकारी, घोषणा तथा संलग्न प्रारूपों में सबंधित दस्तावेजों के प्रमाणपत्रों की वचनबद्धता, प्रशंसा-पत्र **यथा आत्मविवरण की स्वप्रमाणित प्रतियाँ, शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्र, अनुभव आदि।**

उक्त नामांकन फार्म एवं अन्य दस्तावेज सभी प्रकार से पूर्ण होने चाहिए विफल होने पर नामांकन खारिज होने के लिए स्वयं उत्तरदायी हैं।

III. नामांकनों की जाँच एवं निदेशकों का चुनाव :

a) नामांकनों की प्राप्ति के लिए निर्धारित तारीख के अगले प्रथम कार्यदिवस को, अर्थात् **शुक्रवार 17 मई 2024** को बैंक के द्वारा नामांकनों की जाँच की जाएगी और यदि कोई नामांकन वैध नहीं पाय जाता है तो उसे उसके वैध न पाए जाने के कारणों को दर्ज करने के पश्चात रद्द कर दिया जाएगा।

b) वैध नामांकन आरबीआई के निर्देश तथा भारत सरकार के दिशानिर्देशों की शर्तों के अनुसार बोर्ड की नामांकन एवं परिश्रमिक समिति (एनआरसी)/निदेशक मंडल की जाँच के अध्यधीन है। जैसा कि आरबीआई निर्देश/अधिसूचना और भारत सरकार के दिशानिर्देशों द्वारा लगाए गए प्रतिबंध की प्रकृति के समान हैं, बैंक उम्मीदवारों के उचित और उपयुक्तस्थिति का निर्धारण करते समय सख्त विचार कर सकता हैं। जैसा कि पहले ही निर्दिष्ट किया गया है **बैंक में प्राप्त कानूनी परामर्श तथा निदेशक मंडल द्वारा अभिलेख में लिए गए अनुसार, पंजाब एण्ड सिंध बैंक के सेवानिवृत्त अधिकारियों को बैंक के शेयरधारक निदेशक का चुनाव लड़ने के लिए** 'उचित और उपयुक्त' नहीं माना जाएगा।

c) बैंक नामांकन की जांच के समय या एनआरसी/निदेशक मंडल की सलाह के अनुसार उम्मीदवारों से उनकी उम्मीदवारी के संबंध से अन्य जानकारी, दस्तावेज मांग सकता हैं।

d) यदि चुनाव द्वारा भरी जाने वाली उक्त रिक्त के लिए केवल एक नामांकन हो तो यथा नामित उम्मीदवार को उसी समय से चयनित माना जाएगा तथा और उसका नाम स्टॉक एक्सचेंजों को सूचित किया जाएगा और बैंक की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा और उसके बाद समाचार पत्रों में प्रकाशित किया जाएगा। नवनिर्वाचित निदेशक उस तारीख से पद ग्रहण करेंगे, जिस दिन उन्हें चुना गया है।

e) यदि एक वैध नामांकन से अधिक नामांकन हो तो उम्मीदवार का नाम स्टॉक एक्सचेंजों को सूचित किया जाएगा और बैंक की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा उसके बाद समाचार पत्रों में प्रकाशित किया जाएगा तथा चुनाव ईजीएम में आयोजित किया जाएगा। उम्मीदवार अपने पक्ष में अधिकांश मतों की प्राप्ति में यथा दूरस्थ ई-वोटिंग तथा बैठक में वोटिंग का कुल योग निर्वाचित माना जाएगा और उसके नाम की घोषणा की जाएगी। नवनिर्वाचित निदेशक **शनिवार, 01 जून 2024** को पदभार ग्रहण करेंगे।

IV. नामांकन वापस लेना :

यदि कोई उम्मीदवार अपना नामांकन वापस लेना चाहता है तो वह बैंक की कार्य अवधि में यथा **शुक्रवार, 24 मई 2024,** शाम 5 बजे तक या पूर्व किसी भी समय कंपनी के सचिव, पंजाब एण्ड सिंध बैंक, शेयर्स कक्ष, एनबीसीसी ऑफिस कॉम्प्लेक्स, प्रथम तल, ब्लॉक 3, पूर्वी किदवई नगर, नई दिल्ली-110023 पत्र या complianceofficer@psb.co.in पर ईमेल भेजे, उसके बाद उक्त का कूरियर/स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक द्वारा प्रेषण करें।

V. वोटिंग प्रक्रिया ईजीएम के दौरान :

चुनाव के लिए मतदान दूरस्थ ई-वोटिंग और बैठक में मतदान के माध्यम से किया जाएगा।
दूरस्थ ई-वोटिंग सोमवार 27 मई, 2024 की प्रातः 10.00 बजे से गरुवार 30 मई 2024 को शाम 5.00 बजे तक होगी।
ईजीएम के दौरन मतदान ई-वोटिंग के माध्यम से किया जाएगा और बैठक के अध्यक्ष द्वारा उद्घोषणा के तुरंत बाद शुरू होगा।
वोटों की संख्या उनके द्वारा शुक्रवार, 03 मई 2024, निर्दिष्ट तिथि को शेयरों की संख्या के आधार पर होगी।

VI. विवाद :

यदि कोई विवाद होता है तो उसका निपटारा पंजाब एण्ड सिंध बैंक (शेयर व बैठके) विनिमय, 2008 के विनिमय 67 के अनुसार किया जाएगा।

VII. उद्धरण :

शेयरधारकों की सुविधा के लिए लागू अधिनियम/विनियमन/योजना/भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों / भारत सरकार के दिशानिर्देशों के प्रासंगिक अंशों को पुन: प्रस्तुत किया जाता है।

VIII. निदेशकों का हित :

शेयरधारिता की सीमा तक बैंक के निदेशकों तथा ऐसे निदेशक जिन्होने अपना नामांकर दर्ज किया है, उन्हें कारोबार के पूर्वोक्त मदों में हित तथा संबंध रखने वाले माने जाएंगे ।

IX. रिट याचिका :

शेयरधारक निदेशक के चुनाव के संबंध में, माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष एक रिट याचिका दायर की गई थी, जिसमें शेयरधारक-निदेशकों की चुनाव प्रक्रिया 2020 को वापस लेने के बैंक के फैसले को चुनौती दी गई थी। बैंक ने इस मामले में विपक्ष में अपना हलफनामा दायर किया है। माननीय उच्च न्यायालय द्वारा रिट याचिका का निपटान किया जाना बाकी है। चुनाव प्रक्रिया के साथ-साथ परिणाम रिट याचिका पर अंतिम निर्णय के अधीन हैं।

मद संख्या 2: बैंक के कार्यकारी निदेशक के रूप में श्री रवि मेहरा की नियुक्ति को अनुमोदित करना

सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 17 (1सी) के अनुसार, सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी यह सुनिश्चित करेगी कि निदेशक मंडल में किसी व्यक्ति की नियुक्ति या पुनर्नियुक्ति के लिए शेयरधारकों का अनुमोदन अगली आम बैठक में लिया जाए। तदनुसार, 09.10.2023 से बैंक के कार्यकारी निदेशक के रूप में श्री रवि मेहरा की नियुक्ति के लिए शेयरधारकों की स्वीकृति आवश्यक है।

बैंकिंग कंपनियां (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1980 की धारा 9 की उप धारा (3) के खंड (ए) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अनुसार, केंद्र सरकार ने अधिसूचना ईएफ.सं.4/1(v)/2023-बीओ.आई दिनांक 09 अक्टूबर 2023 के तहत श्री रवि मेहरा को पंजाब एण्ड सिंध बैंक के कार्यकारी निदेशक के रूप में नियुक्त किया है, जो पदभार ग्रहण करने की तारीख अर्थात् 09.10.2023 से या अगले आदेशों तक, जो भी पहले हो, से प्रभावी होगा।

सेबी एलओडीआर के विनियम 36(3) और सचिवीय मानक 2 के अनुसार ईजीएम में नियुक्ति चाहने वाले निदेशक का विवरण

श्री रवि मेहरा का संक्षिप्त परिचय
निदेशक का नाम : श्री रवि मेहरा
आयु : 57 वर्ष
शैक्षणिक योग्यता : वाणिज्य में स्नातकोत्तर तथा भारतीय बैंकर्स संस्थान (सीएआईआईबी) के प्रमाणित एसोसिएट।
कार्यग्रहण की तिथि : 09.10.2023

श्री रवि मेहरा ने 09.10.2023 को बैंक के कार्यकारी निदेशक के रूप में कार्यभार संभाला। पंजाब एण्ड सिंध बैंक के कार्यकारी निदेशक के रूप में अपनी पदोन्नति से पहले, श्री रवि मेहरा पंजाब एण्ड सिंध बैंक के महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत थे। वे वाणिज्य में स्नातकोत्तर हैं और भारतीय बैंकर्स संस्थान (सीएआईआईबी) के प्रमाणित एसोसिएट भी हैं।

उन्होने दिसंबर 1988 में पंजाब एण्ड सिंध बैंक में कार्यग्रहण किया। तीन दशकों से अधिक के कार्यकाल में, श्री रवि मेहरा ने बैंकिंग के लगभग सभी प्रमुख क्षेत्रों में विशेषज्ञता हासिल की, ग्रामीण, शहरी और मेट्रो शाखाओं और बैंक के कॉर्पोरेट कार्यालय सहित प्रशासनिक कार्यालयों में भी कार्य किया। उनके पास क्रेडिट, मानव संसाधन, जोखिम प्रबंधन और वित्तीय समावेशन सहित अन्य समृद्ध अनुभव है।

श्री रवि मेहरा भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार पारिश्रमिक/प्रतिपूर्ति पाने के अधिकारी हैं।

श्री रवि मेहरा या उनके रिश्तेदारों (बैंक में उनकी शेयरधारिता की सीमा तक, यदि कोई हो) के अलावा बैंक के किसी भी निदेशक या उनके रिश्तेदार और मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक का संबंध या हितार्थी, संलग्न ईजीएम नोटिस की मद संख्या 2 में दिए गए साधारण प्रस्ताव से नहीं है।

मद संख्या 3: अर्हताप्राप्त संस्थागत स्थानन के माध्यम से इक्विटी शेयरों का निर्गम

- लगातार बदलते व्यवसाय परिदृश्य में अपने बढ़ते व्यवसाय स्तर को पूरा करने तथा बेसल-III मानदंडों का अनुपालन करने के लिए बैंक को अतिरिक्त पूंजी की आवश्यकता है।

- बेसल III पूंजी विनियमन और परिणामी पूंजी प्रभार के संदर्भ में निधियों की बढ़ती पूंजी आवश्यकता को पूरा करने के लिए और सामान्य उधार उद्देश्यों के लिए, जैसा कि बोर्ड द्वारा तय किया जा सकता है, बैंक ने बैंक की पूंजी पर्याप्तता में सुधार करने और बैंक की सामान्य व्यावसायिक आवश्यकताओं को वित्तपोषित करने के लिए धन जुटाने का प्रस्ताव किया है।

- नोटिस में प्रस्तावित विशेष संकल्प आईसीडीआर विनियमनों के अध्याय VI के अंतर्गत अर्हताप्राप्त संस्थागत स्थानन के माध्यम से अर्हता प्राप्त संस्थागत क्रेताओं को ₹2000 करोड़ (केवल दो हजार करोड़ रुपये) (प्रीमियम सहित) से अधिक राशि के इक्विटी शेयर जारी करने से संबंधित है।

- चूंकि बैंक के इक्विटी शेयर सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के अनुसार स्टॉक एक्सचेंजों में सूचीबद्ध हैं, इसलिए शेयरधारकों के लिए यह आवश्यक है कि यदि उन्हें आनुपातिक आधार पर कोई अतिरिक्त प्रतिभूति जारी करने का प्रस्ताव नहीं दिया जाता है तो वे उसे जारी करने का अनुमोदन प्रदान करें।

- यह ध्यान देने योग्य है कि शेयरधारकों के अनुमोदन के अलावा, अर्हताप्राप्त संस्थागत स्थानन (क्यूआईपी) आदि के माध्यम से इक्विटी शेयरों का निर्गम, इस संबंध में सभी वैधानिक, नियामक या किसी अन्य लागू दिशानिर्देशों के अनुपालन के अधीन होगा।

- इक्विटी शेयर जारी करने के लिए विस्तृत निबंधन और शर्तें, जब कभी बनाई जाएंगी, व्यापारी बैंकों, अग्रणी प्रबंधकों, सलाहकारों और ऐसे अन्य प्राधिकरणों के परामर्श से बोर्ड द्वारा निर्धारित की जाएंगी, जिन पर बैंक द्वारा विचार किया जाना अपेक्षित हो सकता है। विशेष संकल्प में बोर्ड को ऐसे समय या समय पर, ऐसे मूल्य या मूल्यों पर और ऐसे निवेशकों को, जिनका उल्लेख बोर्ड अपने पूर्ण विवेक से करता है, एक या अधिक किस्तों में इक्विटी शेयर जारी करने की शक्ति प्रदान करता है।

- निदेशक मंडल नोटिस में उल्लिखित विशेष प्रस्ताव को आपके अनुमोदन हेतु अनुशंसित करता है।

- बैंक का कोई भी निदेशक इस विशेष संकल्प से संबंधित या हितार्थी नहीं है।

निदेशक बोर्ड के आदेश से
कृते पंजाब एण्ड सिंध बैंक

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 07 मई, 2024

(साकेत मेहरोत्रा)
कंपनी सचिव

निदेशकों का चुनाव – प्रासंगिक अधिनियमों, योजना तथा विनियमों आदि के उद्धरण

केंद्र सरकार के अलावा अन्य शेयरधारक निदेशकों के चुनाव के प्रावधान और शेयरधारकों द्वारा चुने जाने वाले ऐसे निदेशकों की संख्या बैंकिंग कंपनियों (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1980 की धारा 9 (3) (i) में निहित है।

बैंक विनिमयन अधिनियम, 1949, बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1980, राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन तथा विविध प्रावधान) योजना, 1980 तथा पंजाब एण्ड सिंध बैंक (शेयर व बैठकें) अधिनियम, 2008, आरबीआई के "उचित और उपयुक्त" मापदंड आरबीआई के अधिसूचना 46 व 47/29.39.001/2007-08 दिनांकित 01.11.2007, अधिसूचना डीबीओडी बीसी संख्या95/29.39.001/2010-11 के साथ पढ़ा जाए तथा दिनांकित-01.06.2011 संशोधित 25.03.2015 व 07.06.2016 अंशकालिक गैर-कार्यकारी निदेशक (भारत सरकार के दिशानिर्देश) के चयन के लिए दिशानिर्देश तथा भारत सरकार के कार्यालय ज्ञापन दिनांक 03.09.2013 जो शेयरधारकों के निदेशक के लिए लागू हो के प्रासंगिक विनियमों को क्रमशः शेयरधारकों की सूचना के लिए नीचे दर्शाया गया है।

बैंककारी विनिमय अधिनियम,1949

प्रर्याप्त हित – खंड 5 (एनई)

(i) कंपनी के संबंध में इसका अर्थ है कंपनी के शेयरों में किसी व्यक्ति या उसकी पत्नी पति या अवयस्क बच्चे या तो अकेले या साथ मिलकर लाभार्थी के रूप में अपना हित धारण करना। इस संबंध में भुगतान राशि 5 रुपया या कंपनी प्रदत्त पूंजी का 10 प्रतिशत इस दोनों में जो भी कम हो, होना चाहिए;
(ii) फर्म के संबंध में इसका अर्थ किसी व्यक्ति या उसकी पत्नी/पति या अवयस्क बच्चों के द्वारा फर्म में लाभार्थी के रूप में अपना हित रखना संबंधित फर्म के सभी भागीदारों द्वारा कुल अभिदत्त पूंजी का 10 प्रतिशत से अधिक होना चाहिए।

सामान्य निदेशकों विषयक प्रतिषेध – धारा 16(1) :

भारत में निगमित कोई भी बैंककारी कंपनी अपने निदेशक बोर्ड में ऐसे किसी व्यक्ति को निदेशक के रूप में नहीं रखेगी जो किसी अन्य बैंककारी कंपनी का निदेशक है ।

ऋण व अग्रिम पर प्रतिबंध – धारा 20 :

1) कंपनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) के खंड 77 में विहित कुछ भी विपरीत के बावजूद, कोई बैंककारी कंपनी-
   a) अपने शेयर के प्रतिभूति पर कोई ऋण या अग्रिम प्रदान नहीं करेगी, अथवा
   b) निम्नलिखित की ओर से किसी ऋण या अग्रिम प्रदान करने के लिए कोई प्रतिबद्धता नहीं की जानी चाहिए।
      (i) कंपनी का कोई निदेशक
      (ii) कोई ऐसा फर्म जिसमें इसके निदेशक भागीदार, प्रबंधक, कर्मचारी अथवा गारंटीकर्ता के रूप में हित रखते हो, अथवा
      (iii) बैंककारी अधिनियम, 1956 के खंड 25 के अंतर्गत कोई पंजीकृत कंपनी या बैंककारी कंपनी का कोई कंपनी अनुषंगी न हो अथवा कंपनी या अनुषंगी अथवा एक सरकारी कंपनी में बैंककारी कंपनी का कोई निदेशक, प्रबंधन एजेंट, प्रबंधक कर्मचारी या गारंटीकर्ता अथवा जिसमें बहुत अधिक हित रखते हो अथवा
      (iv) कोई व्यक्ति जिससे इसके निदेशक एक भागीदार या गारंटीकर्ता हो।
2) अगर किसी बैंकिंग कंपनी द्वारा मंजूर ऋण या अग्रिम इस प्रकृति का है कि जिस दिन ऋण या अग्रिम प्रदान किया गया था उस तिथि को उप धारा (1) के खण्ड (ख) के लागू होने की स्थिति में उसे मंजूर करने का वचन नहीं दिया जा सकता था अथवा वह किसी बैंकिंग कंपनी द्वारा बैंकिंग विधि (संशोधन) अधिनियम, 1968 (1968 का 58) के आरंभ होने के उपरांत किंतु ऐसे प्रारंभ के पूर्व हुई वचनबद्धता के अनुसरण में मंजूर किया गया हो तो बैंकिंग कंपनी को मूल रकम पर देय व्याज, यदि कोई हो, सहित ऋण या अग्रिम देते समय निर्धारित अवधि के भीतर या जहां ऐसी कोई अवधि निर्धारित न की गई हो वहां उक्त धारा 5 के प्रारंभ से एक वर्ष पूरा होने के पूर्व वसूली हेतु उपाय किये जाने चाहिए; बशर्ते भारतीय रिजर्व बैंक, बैंकिंग कंपनी द्वारा इस संदर्भ में उसके पास किये गये लिखित आवेदन पर किसी मामले में ऋण या अग्रिम की वसूली अवधि को ऐसी तिथि तक बढ़ा सकता है जो उपर्युक्त धारा 5 के प्रारंभ होने से तीन वर्ष से अधिक की अवधि की तिथि न हो। यह विस्तार ऐसी शर्तों एवं निबंधनों के अधीन होगा जिन्हें रिजर्व बैंक उचित समझे।

इसके अतिरिक्त यह भी शर्त है कि यह उप धारा संबंधित निदेशक द्वारा चाहे वह मृत्यु, सेवानिवृत्ति त्यागपत्र या अन्य किसी कारण से बैंकिंग कंपनी के निदेशक का पद रिक्त करने पर लागू नहीं होगी।

3) उपधारा (2) या उसके किसी भी भाग में उल्लिखित कोई भी ऋण या अग्रिम रिज़र्व बैंक के पूर्वानुमोदन के बिना प्रेषित नहीं किया जाएगा तथा ऐसे अनुमोदन के बिना की गई कोई भी छूट/ माफी अमान्य एवं अप्रभावी होगी।
4) जहां उप धारा 2 में संदर्भित कोई ऋण या अग्रिम किसी भी व्यक्ति द्वारा देय हो तो उक्त उप धारा में विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर बैंकिंग को चुकौती न किए जाने की स्थिति में ऐसे व्यक्ति को, यदि वह बैंकिंग कंपनी का निदेशक है, उक्त अवधि की समाप्ति की तिथि को ऐसा होने की स्थिति में यह माना जाएगा कि जैसे उसने उक्त तिथि को अपना पद रिक्त कर दिया हो।

इस धारा की व्याख्या :

- "ऋण या अग्रिम" में कोई भी ऐसा लेन-देन शामिल नहीं होगी जिसे रिजर्व बैंक लेन-देन के स्वरूप, उक्त लेन-देन के कारण देय होने वाली किसी भी रकम की वसूली के संभाव्य समय एवं उसकी विधि तथा परिस्थितियों, जमाकर्ताओं के हितों और प्रासंगिक प्रतिफलों पर विचार करते हुए इस धारा के प्रयोजन हेतु ऋण या अग्रिम न होने का सामान्य या विशेष आदेश के द्वारा उल्लेख कर सके।
- "निदेशक" से तात्पर्य है, प्रबंध करने के उद्देश्य से अथवा प्रबंधन हेतु सभी या उसके किसी कार्य के संबंध में सलाह देने के उद्देश्य से भारत में बैंकिंग कंपनी द्वारा गठित किसी मण्डल या समिति का सदस्य

5) अगर ऐसा कोई प्रश्न उठता है कि क्या कोई लेन-देन ऋण या अग्रिम है, तो इस धारा के प्रयोजन हेतु मामला भारतीय रिजर्व बैंक को प्रेषित किया जाएगा और उस पर उसका निर्णय अंतिम होगा।

इसके अलावा, कंपनी अधिनियम, 1956 से संबंधित उपर्युक्त प्रावधानों के तहत किए गए किसी भी संदर्भ को कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत प्रासंगिक प्रावधानों के तहत संदर्भ के रूप में माना जाएगा।

बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970

मताधिकार को सीमित करना :

धारा 3(2ई) : केन्द्रीय सरकार को छोड़कर कोई भी शेयरधारक बैंक के सभी शेयरधारकों के कुल मताधिकार के दस प्रतिशत से अधिक उनके द्वारा धारित किसी शेयर के संबंध में मताधिकार का प्रयोग करने के लिए पात्र नहीं होगा।

निदेशक मंडल की संरचना :

धारा 9 (3) (1) : जहाँ धारा 3 की उप धारा (2ख) के खंड (ग) के अंतर्गत निर्गमित पूंजी :

a) कुल प्रदत्त पूंजी के सोलह प्रतिशत से अधिक नहीं हो, तो एक निदेशक
b) कुल प्रदत्त पूजी के सोलह प्रतिशत से अधिक परंतु बत्तीस प्रतिशत से ज्यादा नहीं हो, तो दो निदेशक
c) कुल प्रदत्त पूजी के बत्तीस प्रतिशत से अधिक हो, तो केन्द्र सरकार को छोड़कर तीन निदेशक अन्य शेयरधारकों द्वारा अपने बीच में से निर्वाचित किए जाएंगे।

बशर्ते कि इस खंड के तहत ऐसे किसी निदेशक के निर्वाचन के उपरांत उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण कर लेने पर, खंड (एच) के अंतर्गत जितने निदेशक नामांकित हैं उतने निदेशक इस योजना में यथा निर्दिष्ट तरीके से सेवानिवृत्त होंगे।

आगे बशर्ते कि यदि बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) और वित्तीय संस्थाएं कानून (संशोधन) अधिनियम, 2006 के आरंभ होने पर अथवा उससे पहले, अनुरूप नए बैंक में निर्वाचित निदेशकों की संख्या उप-खण्ड (I) अथवा उप-खण्ड (II) अथवा उप-खण्ड (III), जैसा भी मामला हो, में निर्दिष्ट निदेशकों की संख्या से अधिक हो तो ऐसे अधिक संख्यक निदेशक जो यह कानून आरंभ होने के पूर्व निर्वाचित हुए हैं इस तरह से सेवानिवृत्त होंगे जैसा इस योजना में निर्दिष्ट किया गया है और ऐसे निदेशक उनके कार्यकाल के समय से पूर्व सेवानिवृत्ति के लिए किसी भी क्षतिपूर्ति दावे के हकदार नहीं होंगे।

धारा 9 (3 क) : उक्त-खंड (i) के अंतर्गत निर्वाचित किए जाने वाले निदेशक-

A) निम्नलिखित विषयों में से एक या एक से अधिक के संबंध में विशेष ज्ञान या व्यावहारिक अनुभव रखने वाले होंगे
   i. कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था,
   ii. बैंकिंग
   iii. सहकारिता
   iv. अर्थशास्त्र
   v. वित्त
   vi. विधि
   vii. लघु उद्योग
   viii. अन्य कोई विषय जिसमें विशेष ज्ञान या व्यावहारिक अनुभव जो भारतीय रिजर्व बैंक की राय में अनुरूप नए बैंक के लिए उपयोगी हो।

• (आरबीआई ने अपने परिपत्र संख्या डीबीआर. एपीपीटी बीसी. एनओ.39/29.39.001/2016-17 दिनांक 24 नवम्बर, 2016 के माध्यम से (i) सूचना प्रौद्योगिकी (ii) भुगतान एवं निपटान प्रणाली (ii) मानव संसाधन (iv) जोखिम प्रबंधन एवं (v) व्यवसाय प्रबंधन को शामिल करने के लिए विशेषज्ञता के क्षेत्रों को विस्तार दिया है जिससे बैंकों में निदेशक की नियुक्ति हेतु ऐसे व्यक्तियों पर भी विचार किया जा सके)

B) जमाकर्ताओं क हित का प्रतिनिधित्व करता हो; अथवा
C) किसानों, कामगारों कारीगरों के हित के प्रतिनिधित्व करता हो।

धारा 9 (3 क क): उप-धारा 3(क) के उपबंधों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना और इस अधिनियम अथवा प्रचलित कानून में अन्य बातों के होते हुए भी बैंक निदेशक बनने के इच्छुक किसी उम्मीदवार को उप-धारा 3 के खण्ड (आई) के अधीन इस संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा समय-समय पर जारी ट्रैक रिकॉर्ड, सत्यनिष्ठा और अन्य मानदंडों के अनुसार "उचित एवं उपयुक्त" स्थिति में होना चाहिए।

धारा 9 (3 क ख): भारतीय रिजर्व बैंक उप-धारा 3(कक) के अंतर्गत जारी अधिसूचना में "उचित एवं उपयुक्त" स्थिति का निर्धारण करने वाले प्राधिकारी, ऐसे निर्धारण का तरीका, ऐसे निर्धारण के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया और ऐसे अन्य विषय जो इस संबंध में आवश्यक अथवा प्रासंगिक हो सकते हैं, को भी विनिर्दिष्ट कर सकता है।

धारा 9 (3 ख) : जहां भारतीय रिजर्व बैंक की राय में बैंक की उप धारा (3) के खण्ड (आई) के अंतर्गत निर्वाचित कोई निदेशक उप धारा (3क) और (3कक) की अपेक्षाओं को पूरा नहीं करता है, तो वह ऐसे निर्देशक तथा बैंक को सुनवाई का उचित अवसर देने के बाद आदेश द्वारा ऐसे निदेशक को हटा सकता है और इस प्रकार हटाए जाने पर निदेशक मंडल उप धारा (3क) और (3कक) की अपेक्षाओं को पूरा करने वाले किसी अन्य व्यक्ति को, अनुरूप नए बैंक के शेयरधारकों द्वारा अगली वार्षिक आम बैठक में किसी निदेशक के निर्वाचित होने तक, ऐसे हटाए गए व्यक्ति के स्थान पर निदेशक के रूप में सहयोजित करेगा और यह मान लिया जाएगा कि ऐसा सहयोजित व्यक्ति उक्त बैंक के शेयरधारकों द्वारा निदेशक के रूप में विधिवत निर्वाचित है।

निष्ठा व गोपनीयता का दायित्व :

धारा 13 (2) : प्रत्येक निदेशक, स्थानीय बोर्ड या किसी समिति के सदस्य या लेखापरीक्षक, सलाहकार अधिकारी या अनुरूप नए बैंक का अन्य कर्मचारी अपना पदभार ग्रहण करने से पहले तृतीय अनुसूची में विनिर्दिष्ट प्रारूप में निष्ठा एवं गोपनीयता की घोषणा करेगा।

राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1970

निर्वाचित निदेशक का सेवाकाल :

खण्ड 9 (4):
निर्वाचित निदेशक तीन वर्ष के लिए पद पर रहेगा और पुनर्निवाचन के लिए पात्र होगा ।
बशर्ते ऐसा कोई भी निदेशक लगातार छः वर्ष से अधिक अवधि के लिए पदधारित नहीं करेगा।

निदेशकों की अयोग्यता :
खण्ड 10 :
किसी व्यक्ति को निर्देशक के रूप में नियुक्त किए जाने तथा निदेशक बनने से अयोग्य ठहराया जाएगा

a) यदि वह किसी समय दिवालिया करार कर दिया गया हो या उसने लेनदारों का भुगतान रोके रखा था प्रशमन किया हो, या
b) यदि वह अस्वस्थ दिमाग का पाया गया हो और किसी सक्षम न्यायालय ने इस बाबत घोषणा की हो, या
c) यदि उसे फौजदारी न्यायालय द्वारा किसी नैतिक चरित्रहीनता से जुड़े अपराध में दोषी ठहराया गया हो, या
d) यदि वह किसी राष्ट्रीयकृत बैंक के अंतर्गत लाभ का पद धारण करता हो या भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955 की धारा 3 की उप-धारा (1) के अन्तर्गत गठित भारतीय स्टेट बैंक अथवा किसी राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा भारतीय स्टेट बैंक (सहायिकी बैंक) अधिनियम, 1959 की धारा 3 में वर्णित किसी सहायिकी बैंक में लाभ का पद धारित करता है, किन्तु अपवादस्वरूप, वह अधिनियम की धारा 9 की उप-धारा 3 के खंड (ई) एवं (एफ) के अन्तर्गत बैंक के कर्मचारियों में से नामित प्रबंध निदेशक और निदेशकों को सम्मिलित करते हुए पूर्णकालिक निदेशक का पद धारित कर सकता है।

निदेशक के पद का रिक्त होना :
खण्ड 11 :
1. यदि कोई निदेशक खण्ड 10 में विनिर्दिष्ट किन्हीं निरर्हताओं के अधीन आ जाता है या बोर्ड से अनुमति लिए बिना लगातार तीन से अधिक बैठकों में अनुपस्थित रहता है तो उसके बारे में यह समझा जाएगा कि उसने अपना पद रिक्त कर दिया है और तदुपरांत वह पद रिक्त हो जाएगा।
2. अधिनियम की धारा 9 की उप धारा (3) के खण्ड (ख) या खण्ड (ग) या खण्ड (घ) में संदर्भित प्रबंध निदेशक अथवा निदेशक सहित अध्यक्ष अथवा पूर्णकालिक निदेशक सहित केन्द्रीय सरकार को लिखित रूप में सूचना देकर अपना पद त्याग सकता है और ऐसा त्याग पत्र केन्द्रीय सरकार द्वारा स्वीकृत होने पर यह माना जाएगा कि पद रिका हो गया है और कोई अन्य निदेशक लिखित रूप में केन्द्रीय सरकार को लिखित सूचना देकर अपना पद त्याग सकता है और ऐसा त्यागपत्र केन्द्रीय सरकार द्वारा इसकी सूचना प्राप्त प्रभावी होगा।
3. उपर्युक्त उप-धारा के किसी भी प्रावधान पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना अधिनियम की धारा 9 की उपधारा 3 के खण्ड (ई) अथवा खण्ड (एफ) में उल्लेखित निदेशक का पद तभी रिक्त हो जाएगा जब निदेशक राष्ट्रीयकृत बैंक के कामगार के अलावा कर्मचारी या कार्मिक नहीं रहता है, जिसके वह निदेशक हैं।
4. जहां निर्वाचित निदेशक के अलावा निदेशक के पद की कोई रिक्त हो जाती है, तो वह अधिनियम का धारा 9 की उप-धारा (3) के अनुसार भरी जाएगी।

निर्वाचित निदेशक को पद से हटाना :

खण्ड 11 क :

केन्द्रीय सरकार को छोड़कर अन्य शेयरधारक ऐसे सभी शेयरधारकों द्वारा धारिता कुल शेयर पूँजी का कम से कम आधा भाग धारित करने वाले शेयरधारकों के बहुमत से प्रेरित संकल्प द्वारा धारा 9 की उपधारा (3) के खण्ड (आई) के तहत निर्वाचित किसी निर्देशक को हटा सकते है और उसके स्थान पर रिक्त को भरने हेतु दूसरे को निर्वाचित कर सकते है।

निर्वाचित निदेशक के पद की रिक्ति का भरा जाना :

खंड 11 ख :

1. जहां किसी निर्वाचित निदेशक के कार्यकाल की अवधि की समाप्ति से पहले कोई रिक्ति होती है, तो रिक्ति निर्वाचन द्वारा भरी जाएगी। बशर्ते की जहां रिक्ति की अवधि छः महिने से कम रहने की संभावना है वहां शेष निदेशकों द्वारा उक्त रिक्ति भरी जाएगी।
2. उप-खण्ड (1) के अंतर्गत निर्वाचित या सहयोजित व्यक्ति जैसा मामला हो, अपने पूर्वाधिकारी के कार्यकाल की शेष अवधि के लिए परग्रहण करेगा।

निदेशकों द्वारा हितों का प्रकटन :

खंड 12 (8) :

राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा उसकी ओर से की गई या प्रस्तावित किसी संविदा, ऋण, व्यवस्था या प्रस्ताव से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से संबंध या हित रखने वाला कोई निदेशक संबंधित परिस्थितियों का ज्ञान होने के बाद यथाशीघ्र वह बोर्ड को अपने हित का स्वरूप घोषित करेगा और जब तक कोई सूचना प्राप्त करने के लिए अन्य निदेशकों द्वारा उसकी उपस्थिति की अपेक्षा नहीं की जाएगी तब तक वह ऐसी संविदा, ऋण, व्यवस्था या प्रस्ताव पर चर्चा करते समय बोर्ड की बैठक में उपस्थित नहीं होगा और इस तरह ऐसा कोई निदेशक उपस्थित रहने पर ऐसी संविदा, ऋण, व्यवस्था या प्रस्ताव पर मतदान नहीं करेगा।

बशर्ते कि इस उप-खण्ड में दी गई कोई भी बात ऐसे निदेशकों पर मात्र इसलिए लागू नहीं होगी कि वह

i. कंपनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) मे यथा परिभाषित किसी सार्वजनिक कंपनी में या भारत में तत्समय लागू किसी विधि द्वारा या उसके अधीन स्थापित किसी निगम या किसी सहकारी समिति में, जिसके साथ या जिससे उक्त राष्ट्रीयकृत बैंक ने कोई संविदा, ऋण, व्यवस्था या प्रस्ताव किया हो या करने का प्रस्ताव रखता हो, प्रदत्त पूंजी का दो प्रतिशत से कम धारण करने वाला शेयरधारक (निदेशक के अलावा) है या
ii. राष्ट्रीयकृत बैंक का अधिकारी या अन्य कर्मचारी है, यदि वह अधिनियम की धारा 9 की उप-धारा (3) के खण्ड (ई) या (एफ) के निदेशक है।

पंजाब एण्ड सिंध बैंक (शेयर व बैठकें) विनिमय, 2008

विनियम 10: संयुक्त धारकों के अधिकारों का प्रयोग :

किसी शेयर के दो या अधिक व्यक्तियों के नाम होने की स्थिति में, शेयर के अंतरण के मामले को छोडकर, मतदान करने, लाभांश प्राप्त करने, नोटिस का निष्पादन करने और पंजाब एण्ड सिंध बैंक से संबंधित अन्य सभी या किन्ही मामलों में प्रथम नामधारक को उसका एकल धारक समझा जाएगा।

विनियम 63 : निदेशकों का चयन आम सभा में होगा :

i. अधिनियम की धारा 9 की उपधारा 3 के खण्ड (1) के अनुसार निदेशक का चयन केन्द्र सरकार के अलावा पंजीकृत शेयरधारकों द्वारा बैंक की सामान्य बैठक में उनके बीच में से ही किया जाएगा।
ii. जहां किसी निदेशक का चुनाव किसी भी सामान्य बैठक में होना है, उसके बाद बैठक की सूचना देने वाले नोटिस को शामिल किया जाएगा। इस प्रकार के प्रत्येक नोटिस में चुने जाने वाले निदेशकों की संख्या तथा रिक्तियां जिनके संबंध में चुनाव किया जाना है, उनके विवरण विनिर्दिष्ट किए जाएंगे।

विनियम 64 : शेयरधारकों की सूची :

i. इन विनियमों के विनियम 63 के उप-विनियम (1) के अंतर्गत निदेशक के चुनाव के लिए रजिस्टर में उन शेयरधारकों की एक सूची तैयार की जाएगी जिसके द्वारा निर्देशक का चुनाव किया जाना है।
ii. इस सूची में शेयर धारकों के नाम, उनके पंजीकृत डाक पते, उनके द्वारा पारित शेयरों की संख्या तथा उनके शेयरों के पंजीकृत किए जाने की तारीख तथा चुनाव किए जाने की निर्धारित तारीख को, जिसको बैठक होने वाली है, उनके मतों की संख्या आदि शामिल होंगे और आवेदन पर इस सूची की प्रतिया निदेशक बोर्ड या प्रबंधन समिति द्वारा तय किए जाने वाले मूल्य पर प्रधान कार्यालय में बिक्री के लिए निर्धारित तारीख से कम से कम तीन सप्ताह पूर्व उपलब्ध होनी चाहिए।

विनियम 65 : चुनाव के लिए प्रत्याशियों का नामांकन :

i. निदेशक के रूप में चुनाव हेतु किसी भी प्रत्याशी का कोई भी नामांकन तब तक विधिमान्य नहीं होगा, जब तक कि

a) वह पंजाब एण्ड सिंध बैंक के कम से कम 100 (एक सौ) शेयरों का शेयरधारक न हो।
b) उसे अधिनियम के अंतर्गत अथवा योजना के अंतर्गत नामांकन प्राप्त होने की अंतिम तारीख तक निदेशक होने के लिए अयोग्य घोषित न किया गया हो।
c) उसने अपने नाम पर धारित चाहे संयुक्त रूप से अन्य के साथ या एकल नाम पर बैंक के सभी शेयरों की मांग राशियों का निर्धारित तारीख के पहले भुगतान न कर दिया हो।
d) नामांकन लिखित होना चाहिए और अधिनियम के अंतर्गत निदेशक चुनने के लिए पात्र कम से कम 100 शेयरधारको अथवा उनके विधिवत नियत अटॉनी द्वारा हस्ताक्षरित होना चाहिए बशर्ते कि कोई शेयरधारक जो एक कंपनी है, के द्वारा किया गया नामांकन उसके निदेशकों द्वारा पारित संकल्प के तहत किया जाए और जहां ऐसा किया गया हो वहाँ पर बैठक के अध्यक्ष द्वारा संकल्प की प्रति को सत्य प्रतिलिपि के रूप में प्रमाणित करके इसकी एक प्रति बैंक के प्रधान कार्यालय को भेज दी जानी चाहिए और इस प्रति को उस कंपनी की ओर से किया गया नामांकन माना जाएगा।
e) नामांकन के साथ न्यायाधीश, मजिस्ट्रेट, अश्योरेसेज के रजिस्ट्रार अथवा उप रजिस्ट्रार या अन्य राजपत्रित अधिकारी या भारतीय रिज़र्व बैंक के अथवा किसी राष्ट्रीयकृत बैंक के अधिकारी के सामने हस्ताक्षरित की गई यह घोषणा संलग्न अथवा शामिल होनी चाहिए कि वह नामांकन स्वीकार करता है और चुनाव के लिए खड़ा होना चाहता है और यह कि उसे अधिनियम अथवा योजना अथवा इन विनियमों के अंतर्गत निदेशक चुने जाने के लिए अयोग्य घोषित नहीं किया गया है।

ii. कोई भी नामांकन तब तक विधिमान्य नहीं होगा जब तक कि यह इससे संबंधित सभी दस्तावेजों के साथ प्रत्येक दृष्टिकोण से पूर्ण रूप में पंजाब एण्ड सिंध बैंक के प्रधान कार्यालय में बैठक के लिए तय तारीख से कम से कम 14 दिन पहले प्राप्त न हो जाए।

विनियम 66 : **नामांकनों की संवीक्षा (जांच) :**

i. नामांकनों की जांच नामांकनों के प्राप्त होने की निर्धारित तारीख के आगामी प्रथम कार्य दिवस को की जाएगी और यदि किसी नामांकन को विधिमान्य नहीं पाया जाता है तो उसे निरस्त कर दिया जाएगा और निरस्त करने का कारण दर्ज किया जाएगा। यदि चुनाव द्वारा भरी जाने वाली किसी विशिष्ट रिक्ति के लिए केवल एक ही वैध नामांकन होता है तब इस प्रकार से नामित व्यक्ति को तुरन्त चुना गया मान लिया जाएगा और उसका नाम और पता इस प्रकार से चुने जाने के लिए प्रकाशित किया जाएगा। इस प्रकार की स्थिति में इस आशय के लिए बुलाई गई बैठक में कोई चुनाव नहीं होगा और यदि बैठक पूर्ण रूप से उपर्युक्त चुनाव के लिए ही बुलाई गई हो तो वह रद्द हो जाएगी।
ii. ऐसी स्थिति में जब चुनाव हो रहा हो तथा जब विधिमान्य नामांकनों की संख्या चुने जाने वाले निदेशकों से अधिक हो तो वह प्रत्याशी जिसे बहुमत प्राप्त होगा उसे चुना हुआ माना जाएगा।
iii. वह निदेशक जिसका चयन किसी मौजूदा रिक्ति को भरने के लिए किया गया है उसने अपना पदभार उस तारीख से संभाल लिया माना जाएगा जिस तारीख को उसका चयन किया गया अथवा जिस तारीख से उसका चुनाव किया गया माना गया है।

विनियम 67: चुनाव विविद

i. यदि किसी ऐसे व्यक्ति की योग्यता अथवा अयोग्यता के बारे में जिसका चयन हुआ है अथवा जिसे चुना हुआ घोषित किया गया है। अथवा किसी निदेशक के चुने जाने की वैधता के बारे में कोई संदेह अथवा विवाद उठता है तो कोई भी ऐसा व्यक्ति, प्रत्याशी या शेयरधारक जो इस प्रकार के चुनाव में मतदान करने के लिए पात्र है, वह इस प्रकार के चुनाव के परिणाम की घोषणा के 7 दिन के भीतर बैंक के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक को इसकी लिखित सूचना दे सकता है और उक्त सूचना में उसे उन आधारों का पूर्ण विवरण देना होगा जिन पर वह चुनाव की वैधता पर संदेह या विवाद करता है।
ii. उप विनियम (1) के अंतर्गत इस प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अथवा उनकी अनुपस्थिति में बैंक के कार्यपालक निदेशक इस प्रकार के संदेह या विवाद को निर्णय के लिए उस समिति को भेज देंगे जिसमें अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अथवा उनकी अनुपस्थिति में बैंक के कार्यपालक निदेशक और कोई दो निदेशक हों जिन्हें अधिनियम की धारा 9 की उप धारा 3 के खण्ड (ख) और (ग) के अन्तर्गत नामित किया गया है।
iii. उप विनियम (i) में उल्लिखित समिति ऐसी जांच करेगी जैसा वह ठीक समझे और यदि उनके सामने यह आता है कि चुनाव विधि मान्य चुनाव था तब वह चुनाव के घोषित परिणामों की पुष्टि करेगी अथवा यदि उनके समक्ष ऐसा पाया जाता है कि चुनाव विधिमान्य नहीं था, तब वह जांच प्रारंभ होने के 30 दिन के भीतर ऐसे आदेश देंगे और नया चुनाव कराने सहित, जैसा कि समिति परिस्थितियों के अनुरूप ठीक समझे, निर्देश जारी करेगी।
iv. इस विनियम के अनुरूप ऐसी समिति द्वारा दिया गया आदेश व निर्देश निर्णायक होगा।

विनियम 68: मताधिकार का निर्धारण :

i. अधिनियम की धारा 3 (2ई) में दिए गए प्रावधानों के अध्यधीन सामान्य बैठक की तारीख के पहले रजिस्टर बंद होने की तारीख पर जिसे शेयरधारक के रूप में पंजीकृत किया गया है, ऐसे प्रत्येक शेयरधारक को हाथ उठाकर एक मत देने का अधिकार और यदि चुनाव होता है तो उसके नाम पर दर्ज प्रत्येक शेयर के लिए उसे एक मत देने का अधिकार होगा।
ii. अधिनियम की धारा 3(2ई) में दिए गये प्रावधानों के अध्यधीन, उपर्युक्त के अनुसार मत देने के लिए पात्र प्रत्येक शेयर धारक, जो एक कंपनी नहीं है, जो स्वयं अथवा परोक्षी के माध्यम से उपस्थित हो अथवा जो कंपनी है वह उसके विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि अथवा परोक्षी के माध्यम से उपस्थित हो, उसे हाथ उठाकर वोट देने की दशा में एक मत देने और चुनाव की स्थिति में उप विनियम (i) में यहां उपर्युक्त के अनुरूप उसके द्वारा धारित प्रत्येक शेयर के लिए एक मत देने के लिए पात्र होगा।
स्पष्टीकरण: इस अध्याय के लिए कम्पनी' से तात्पर्य कोई भी कॉरपोरेट निकाय से है।

iii. बैंक के शेयर धारक सामान्य बैठक में भाग लेने एवं वोट देने के लिए पात्र होंगे तथा वे किसी अन्य व्यक्ति को (शेयरधारक हो अथवा नहीं) उनके स्थान पर बैठक में भाग लेने एवं वोट देने के लिए परोक्षी नियुक्त करेंगे, परंतु ऐसे किसी बोलने का अधिकार नहीं होगा।

विनियम 69: विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से मतदान :

i. कोई शेयर धारक, वह केन्द्र सरकार हो अथवा कंपनी, एक संकल्प के द्वारा, जैसा मामला हो, अपने किसी अधिकारी को अथवा किसी अन्य व्यक्ति को शेयरधारकों की किसी सामान्य बैठक में अपने प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने हेतु प्राधिकृत कर सकता है और इस प्रकार से प्राधिकृत व्यक्ति (जिन्हें इन विनियमों में विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि कहा गया है) केन्द्र सरकार की ओर से अथवा जिस कंपनी का वह प्रतिनिधित्व करता है उसकी ओर से इस प्रकार से उनके अधिकार का प्रयोग कर सकेगा जैसे कि वह स्वयं बैंक का शेयर धारक हो, इस प्रकार दिया गया प्राधिकार विकल्पतः दो व्यक्तियों के नाम पर हो सकता है और ऐसे मामलों में इनमें से कोई व्यक्ति केन्द्र सरकार कम्पनी के विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य कर सकता है।
ii. बैठक के लिए निर्धारित की गई तारीख से कम से कम चार दिन पहले बैंक के प्रधान कार्यालय में विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि नियुक्ति किए जाने संबंधी संकल्प की उस बैठक के अध्यक्ष द्वारा प्रमाणित सत्य प्रतिलिपि जमा न कराने की दशा में कंपनी के विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कोई भी व्यक्ति बैंक के शेयरधारकों की किसी बैठक में न तो भाग ले सकेगा और न ही मतदान कर सकेगा।

भारतीय रिजर्व बैंक के (सार्वजनिक बैंकों के बोर्ड में चुने गए निदेशकों के लिए 'उचित एवं उपयुक्त' मापदंड) दिशा-निर्देश, 2019:
भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा बैंकिंग कम्पनी (उपक्रमों का अभिग्रहण और अंतरण) अधिनियम 1970/1980 की धारा 9 की उप-धारा (3एए) के अंतर्गत प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जारी की गई अधिसूचना आरबीआई / डीबीआर/ 201-20/71 मास्टर निर्देश डीबीआर एपीपीटी सं. 9/29,67,001/2019- दिनांक 2 अगस्त, 2019 द्वारा बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अभिग्रहण और अंतरण) अधिनियम 80 की उप-धारा 9(3)(i) के उपबंधों के अंतर्गत उपयुक्त और उचित मानदंड निर्धारित किए गए हैं, जिन्हें पीएसबी के बोर्ड में निदेशक के रूप में निर्वाचित किये जा रहे व्यक्तियों द्वारा पूरा किया जाना है।

भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देश की मुख्य विशेषताएं :
'उपयुक्त और उचित" स्तर आदि का निर्णय करने के लिए प्राधिकारी, पद्धति/ क्रियाविधि तथा मानदंड निम्नानुसार होंगे:

(क) प्राधिकारी

बैंकिंग कंपनियों की धारा 9 की उप-धारा (3) के खंड (i) के तहत निदेशक के रूप में चुने जाने के लिए व्यक्तियों की 'उपयुक्त और उचित' स्थिति का निर्धारण करने के लिए उचित परिश्रम की प्रक्रिया शुरू करने के लिए (अधिग्रहण और हस्तांतरण का उपक्रम) अधिनियम, 1970/1980 के तहत सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों को एक "नामांकन और पारिश्रमिक समिति" का गठन करना आवश्यक है (समिति) जिसमें निदेशक मंडल के सदस्यों में से कम से कम तीन गैर-कार्यकारी निदेशक हों, उनमें से कम से कम आधे स्वतंत्र निदेशक होना चाहिए और बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति के कम से कम एक सदस्य को शामिल करना चाहिए। भारत सरकार के नामित निदेशक और बैंकिंग कंपनियों की धारा 9 (3) (ग) (उपक्रमों का अधिग्रहण और स्थानांतरण) अधिनियम, 1970/1980 के तहत नामित निदेशक समिति का हिस्सा नहीं होंगे।

बैंक के गैर-कार्यकारी अध्यक्ष को समिति के सदस्य के रूप में नियुक्त किया जा सकता है, लेकिन ऐसी समिति की अध्यक्षता नहीं करेगा। बोर्ड को उनमें से एक को समिति के अध्यक्ष के रूप में नामित करना चाहिए। अध्यक्ष सहित तीन कोरम आवश्यक है। यदि किसी भी नामित सदस्य की अनुपस्थिति होने के कारण कोरम प्राप्ति के लिए, बैठक के लिए उसके स्थान पर बोर्ड किसी अन्य गैर-कार्यकारी निदेशक को नामित कर सकता है। समिति के गठन के समय, बोर्ड अपने कार्यकाल पर निर्णय ले सकता है।

(ख) पद्धित और क्रियाविधि

बैंक चुनाव हेतु अपना नामांकन दर्ज करने वाले व्यक्तियों से निर्धारित प्रपत्र में आवश्यक जानकारी तथा घोषणा और वचन प्राप्त करेगा। समिति नामांकन की मंजूरी हेतु निर्धारित अंतिम तारीख के बाद बैठक करेगी तथा नीचे दिए गए मानदंडों के आधार पर निर्धारित करें कि व्यक्ति की उम्मीदवारी स्वीकार की जानी चाहिए या नहीं । समिति की बैठक में हुई चर्चा को औपचारिक कार्यवृत्त के रूप में उचित प्रकार से रिकॉर्ड किया जाना चाहिए तथा यदि मतदान हुआ है तो उसे भी नोट किया जाना चाहिए। हस्ताक्षरित घोषणा में उपलब्ध जानकारी के आधार पर, समिति उम्मीदवार की स्वीकार्यता या अस्वीकार्यता के बारे में निर्णय लेगी और यह सुनिश्चित करने के लिए उम्मीदवार निर्दिष्ट अनिवार्यताओं को पूरा करता है या नहीं यह निर्णय करने के लिए यदि आवश्यक समझे उचित प्राधिकारी / व्यक्ति से सम्पर्क कर सकती है।

(ग) मानदंड

नामांकन समिति को नीचे दिए गए बोर्ड मानदंड़ों के आधार पर प्रस्तावित उम्मीद्वारों के "उपयुक्त तथा उचित" स्तर का निर्धारण करना चाहिए:

i. **आयु** - चुनाव हेतु नामांकन दर्ज करने के लिए निर्धारित कट-ऑफ़ तारीख को उम्मीद्वार की आयु 35 से 67 वर्ष के बीच होनी चाहिए।
ii. **शैक्षणिक अहर्ता** - उम्मीदवार कम से कम स्नातक होनी चाहिए।
iii. **अनुभव व विशेषज्ञता का क्षेत्र –** उम्मीदवार को आरबीआई परिपत्र डीबाआर.एपीपीटी.बीसी सं.39/2.39.001/2016-17 दिनांत 24 नवम्बर, 2016 के साथ पठित बैंककारी कम्पनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970/1980 की धारा 9 (3ए)(ए)/सेबी अधिनियम की धारा 19 ए(ए) में वर्णित एक या अधिक मामलों के संबंध में विशेष जानकारी या प्रायोगिक अनुभव होना आवश्यक है।
iv. **अयोग्यता** - राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध प्रावधान) योजना, 1970/80 के खंड 10 में निर्धारित 'निदेशकों की अयोग्यता' के

अतिरिक्त:

a. उम्मीदवार को किसी भी बैंक या रिज़र्व बैंक या वित्तीय संस्थान (एफआई) या बीमा कंपनी या किसी अन्य बैंक में गैर-ऑपरेटिव वित्तीय होल्डिंग कंपनी (NOFHC) के बोर्ड का सदस्य नहीं होना चाहिए।

स्पष्टीकरण: इस उप-पैरा एवं उप पैरा (सी) के उद्देश्य हेतु, "बैंक" शब्द किसी बैंकिंग कंपनी, अनुरूप नए बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, सहकारी बैंक एवं क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक में शामिल होगा।

b. किराया खरीद, वित्त पोषण, धन उधार देना, निवेश, पट्टे पर देने एवं बैंकिंग संबंधित अन्य गतिविधियों से जुड़े व्यक्ति को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक के बोर्ड में चयनित निदेशक के रूप में नियुक्त नहीं किया जाएगा। यदि ऐसी कंपनियों के निवेशको का उन कम्पनियों पर प्रबंधकीय नियंत्रण नहीं है तो उन्हें निदेशक के रूप में नियुक्ति हेतु आयोग्य घोषित नहीं किया जाएगा।
c. कोई भी व्यक्ति जिसने अतीत में किसी भी श्रेणी के अंतर्गत निदेशक के रूप में चाहे निरंतर या अंतराल पर छः वर्ष तक किसी बैंक (जिसमें वह बैंक शामिल है जिसमें उसने अतीत में निदेशक के रूप में कार्य किया है)/ एफआई/आरबीआई/बीमा कम्पनी के बोर्ड में निदेशक के रूप में कार्य किया है, ऐसे व्यक्ति को बैंक के बोर्ड में निर्वाचित/पुनर्निर्वाचित नहीं किया जा सकता है।
d. ऐसे व्यक्ति को स्टॉक ब्रोकिंग के व्यवसाय में संलग्न नहीं होना चाहिए।
e. ऐसा व्यक्ति संसद या राज्य विधानमंडल या नगर निगम या नगर पालिका या अन्य स्थानीय निकायों (अर्थात् क्षेत्रीय परिषद,नगर परिषद, पंचायत, ग्राम सभा, जिला परिषद इत्यादि के रूप में अधिसूचित) का सदस्य नहीं होना चाहिए।
f. ऐसे व्यक्ति को किसी सनदी लेखाकार फर्म के साझीदार के रूप में कार्यरत नहीं होना चाहिए जो कि वर्तमान में किसी राष्ट्रीयकृत बैंक या भारतीय स्टेट बैंक के सांविधिक केंद्रीय लेखापरीक्षक के रूप में संबद्ध हो।
g. ऐसे व्यक्ति को किसी सनदी लेखाकार फर्म के साझीदार के रूप में कार्यरत नहीं होना चाहिए जो कि वर्तमान में किसी बैंक के सांविधिक शाखा लेखापरीक्षक या समवर्ती लेखापरीक्षक के रूप में संबद्ध हो, जिसमें चुनाव हेतु नामांकन भरा गया है।

v. **कार्यकाल** - चुने गए निदेशक का कार्यकाल तीन वर्ष होगा और वह पुनर्निर्वाचन हेतु पात्र होगा:
बशर्ते कि ऐसा कोई भी निदेशक छह वर्ष की अवधि से अधिक समय तक अपने पद पर नहीं रह सकेगा, चाहे उसने निरंतर या अंतराल पर कार्य किया हो।

vi. **व्यावसायिक प्रतिबंध**
a. ऐसे व्यक्ति का न तो संबंधित बैंक के साथ कोई कारोबारी संबंध (विधिक सेवाएं, परामर्श सेवाएं इत्यादि सहित) होना चाहिए न ही उसे ऐसी गतिविधियों में संबद्ध होना चाहिए जो कि उस बैंक के साथ कारोबारी हितों में टकराव उत्पन्न करे।
b. ऐसे व्यक्ति के किसी बैंक या अन्य किसी बैंक वाली किसी एनओएफएचसी के साथ किसी भी प्रकार के व्यावसायिक संबंध नहीं होने चाहिए।
c. चुनाव हेतु नामांकन भरते समय बैंक के साथ ऐसा संबंध रखने वाले किसी व्यक्ति को मद (ख) के अंतर्गत अपेक्षा को पूरा करने वाला मान लिया जाएगा, ऐसा व्यक्ति समिति को एक घोषणा प्रस्तुत करेगा कि यदि वह निदेशक के रूप में चुना जाता है और निर्वाचित होता है, तो बैंक के निदेशक के रूप में नियुक्ति से पूर्व उसका ऐसा संबंध समाप्त हो जाएगा।

vii. **पिछला कार्यनिष्पदन रिकार्ड व निष्ठा –** ऐसे व्यक्ति को किसी नियमक या पर्यवेक्षी प्राधिकरण/एजेंसी या विधि प्रवर्तन एजेंसी से प्रतिकूल नोटिस नहीं मिला हो तथा वह व्यक्ति समिति किसी भी ऋण संस्थान का चूककर्ता नहीं होना चाहिए।

बैंकों को निर्वाचित निदेशक से निम्न प्राप्त करना चाहिए :

(a) निदेशक का पदभार ग्रहण करने से पहले ऐसे व्यक्ति को अनुबंध में दिए गए प्रारूप में निष्पादित विलेख;
(b) प्रत्येक वर्ष 31 मार्च को इस संबंध में एक साधारण घोषणा कि ऐसे व्यक्ति द्वारा पहले उपलब्ध कराई गई सूचना में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है।
(c) जहां निर्वाचित निदेशक यह सूचित करते है कि पहले दी गई सूचना में परिवर्तन है, तो बैंक ऐसे निदेशक से नई घोषणा प्राप्त करेंगे जिसमें परिवर्तन किए गए है।

बैंक बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 20 का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे। इसके अतिरिक्त,

(a) चयनित सी.ए. निदेशकों/उनके फर्म के ग्राहकों के उचित प्रकटन सहित, सुरक्षा की उचित व्यवस्था स्थापित करना। इसके अतिरिक्त यह भी सुनिश्चित करना कि वे उनके/फर्म के ग्राहकों के बैंक ऋण/निवेश के निर्णय में शामिल न हों। चयनित सी.ए. निदेशक के लिए यह आवश्यक है कि वे अनिवार्यतः इस पूरी प्रक्रिया से स्वयं को अलग करें तथा इस संबंध में शर्तों पर हस्ताक्षर करें।
(b) यह व्यवस्था करना कि चयनित निदेशक, अपने हितों की कारोबारी इकाइयों में निदेशक होने का पूर्ण तथा उचित प्रकटन करें। इसके अतिरिक्त संबंधित निदेशक, उनसे संबंधित संस्थाओं से संबद्ध बैंक के ऋण/निवेश के निर्णयों से व्यक्तिगत रूप से स्वयं को करें।
(c) निदेशक रूप में चयनित किसी व्यक्ति को निदेशक के रूप में पद छोड़ने के दो वर्ष के बाद की अवधि तक संबंधित बैंक में कोई पेशेवर काम आबंटित न करना।

जहाँ चयनित निदेशक :

(a) विफल होता है:
  (i) 'शर्तों का विलेख' या घोषणा प्रस्तुत करना; या
  (ii) उचित प्रकटन करना; या
  (iii) ऋण/निवेश संबंधी निर्णयों में सहभागिता करने से बचना, जहाँ उसका हित है; या
(b) अधूरा या गलत प्रकटन करना, या
(c) ऐसी गतिविधियों में शामिल होना जो उपर्युक्त मानदंडों के अनुसार उन्हें "अयोग्य तथा अनुचित प्रतिपादित करते हैं। ऐसे निदेशक के संबंध में यह माना जाएगा कि वे बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम 1970/1980 की धारा 9 की उप-धारा (3एए) की आवश्यकताओं को पूरा नहीं करते हैं तथा वे इसके परिणाम के लिए जिम्मेदार होंगे।

भारत सरकार की अधिसूचना दिनांकित 25 जनवरी, 2021
भारत सरकार ने 25 जनवरी, 2021 को राष्ट्रीयकृत बैंकों (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1970/1980 में एक विशेष प्रावधान (खण्ड 14क) सम्मिलित करते हुए अधिसूचित किया:

"जहां किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से विधि द्वारा कोई कार्रवाई या बात करने की अपेक्षा है और ऐसा करने के लिए बैंक के बोर्ड की किसी समिति की सिफारिशों या अवधारण, या उसके द्वारा प्रतिभूतिधारकों की शिकायतों का समाधान, या किसी नियुक्ति, उसके के संबंध में उसके अनुमोदन या पुनर्विलोकन की अपेक्षा है, और यदि बोर्ड का यह समाधान हो जाता है कि ऐसी समिति का, ऐसी समिति में कोई रिक्ति विद्यमान होने अथवा उसके किसी सदस्य के इससे अलग होने के कारण बैठक के लिए गणपूर्ति पूरी नहीं हो सकती है तो बोर्ड उक्त कार्रवाई अथवा बात को कर सकते है"।

अंशकालिक गैर-कार्यकारी निदेशक के चयन के लिए दिशानिर्देश
